अधिकतम : $33^{0}$ C
न्यूनतम : $22^{0}$ C

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 4 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




देश में कभी सोना नहीं बेचा गया : केजरीवाल पेज 2



प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा खेल टाइम्स



दरगाह बघरा एकता की प्रतीक सम्पादकीय



ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने भी किया पलटवार पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत समेत विश्वभर में तीन महीने तक सूखे की आशंका

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका बन रही है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80 फीसदी है। नवम्बर तक इसके 90 फीसदी या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) और मैडेन-जूलियन आस्सिलेशन (एमजेओ) से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो मूमध्य रेखा पर घूमता रहता है।

### यूपी समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में आंधी-बारिश से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में बारिश हुई। यूपी के आगरा में करीब एक घंटे तक तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें और ट्रक पलट गए। एमपी के श्योपुर जिले में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मंगलवार को सिंगरौली में बिजली गिरने से किशोर की और नीमच में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई थी।

### विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उन्हें स्थिर दाम पर ईंधन मिल सकेगा और तेल विपणन कंपनियों को भी इस मद में बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

# दिल्ली के होटल में लगी भीषण आग, 21 की मौत

## मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए, होटल मालिक गिरफ्तार

16 लोग घायल, मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल, 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए

छह कमरों की थी परमिशन, बना लिए 25 कमरे, गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

होटल में प्रवेश और निकास के लिए था केवल एक ही रास्ता, आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां- सह-होटल में हुई भीषण आग की घटना में 21 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

इस दुर्घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस हादसे में 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए हैं। होटल अग्निकांड ने गुरुग्राम के सेक्टर 46 निवासी राधेश्याम अग्रवाल परिवार को गहरा सदमा दिया है। परिवार के बुजुर्ग सदस्य राधेश्याम अग्रवाल मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनकी पत्नी, बेटे, बहू, दो पोतियों और रिश्तेदारी से आए तीन अन्य लोगों की भी मौत हो गई। परिवार



दिल्ली में इलाज के लिए आया था, जो हादसे का शिकार हो गया। जांच में होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए हैं। अधिकारियों के अनुसार आग होटल के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां 'लेमन ग्रीन' में लगी थी। सूत्रों के मुताबिक होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि वहां करीब 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे और लगभग -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख सहायता राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की

**मृतक आश्रितों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह राशि का ऐलान**

कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# डीके शिवकुमार कर्नाटक के सीएम बने

बेंगलुरु, वार्ता

**डीके शिवकुमार** ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान लिए हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था।

जी. परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। डीके शिवकुमार ने शपथ समारोह के लिए लोक भवन पहुंचे। उन्होंने वहां संतों का आशीर्वाद लिया।



**जी. परमेश्वर बने डिप्टी सीएम, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली**

डीके शिवकुमार ने शपथ से पहले अपनी मां गौरम्मा के पैर छूकर उनका भी आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में पूर्व बीजेपी सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास 1413 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी हैं।

# दिल्ली-NCR में पुराने ट्रकों व बसों को बदलने की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए पुराने बीएस-4 या उससे पुराने ट्रकों और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है।

यह योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का वित्तपोषण आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड करेगी तथा इसका कार्यान्वयन सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

# सोना बेचने की रिपोर्टों का आरबीआई ने किया खंडन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने विदेशी मीडिया में आई उन रिपोर्टों का जोरदार खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को रोकने के लिए भारी मात्रा में सोना बेचा है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये रिपोर्ट सही नहीं हैं। उसने कहा कि वह हर महीने उसके पास पड़े

**रिजर्व बैंक ने कहा: हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है**

भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है। बैंक ने स्पष्ट किया गया है कि मई में जारी पिछली रिपोर्ट उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी में टूट पड़ गई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है।

इन्होंने बुधवार को विधानसभा स्पीकर रथिंद्र बोस को समर्थन पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि ऋतब्रत विधायक दल के नेता हैं और उन्हें नेता विपक्ष घोषित किया जाए। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली



**ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना गया, स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना**

साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। ऋतब्रत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो और विधायक हमारे साथ हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी एमएलए फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।



# लापता किशोर का शव नहर में मिला



## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नौगावां सादात क्षेत्र की रामगंगा पोषक नहर में तीन दिन पहले डूबे हल्दौर निवासी किशोर का शव आज सुबह बरामद होने से परिजनों में मातम छा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकलवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। देर शाम गमगीन माहौल में किशोर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

मौहल्ला सराय निवासी इमरान का 15 वर्षीय पुत्र रिहान अपने मामा के घर नौगावां सादात गया हुआ था। बताया जाता है कि वह रिश्तेदारी के कुछ अन्य युवकों के साथ रामगंगा पोषक नहर में स्नान करने पहुंचा था। इसी दौरान नहर के तेज बहाव में वह बह गया और देखते ही देखते पानी में लापता हो गया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। आज सुबह नहर किनारे मौजूद ग्रामीणों ने पानी में एक शव तैरता देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पहचान रिहान के रूप में होने पर परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शव को परिजन हल्दौर लेकर आए, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाद में नम आंखों के बीच किशोर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। रिहान की असमय मृत्यु से पूरे मौहल्ला सराय और नगर क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें

## बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जून माह की भीषण गर्मी ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। आज सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते तापमान में और बढ़ोतरी होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित नजर आया। नगर के प्रमुख बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर आम दिनों की अपेक्षा काफी कम चहल-पहल दिखाई दी। लोग केवल अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले, जबकि अधिकांश लोगों ने तेज गर्मी से बचने के लिए घरों में ही रहना उचित समझा।

भीषण गर्मी का असर व्यापा. रिक गतिविधियों पर भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सामान्य दिनों में ग्राहकों से गुलजार रहने वाले बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। दुक. ानदारों का कहना है कि तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोग खरीदारी के लिए बाजारों में नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। खासकर दोपहर के समय अधिकांश दुकानों पर ग्राहक न के बराबर दिखाई दिए। नगर की प्रमुख सड़कों पर भी गर्मी का असर साफ नजर आया। दोपहर के समय सड़कें लगभग खाली दिखाई दीं और इक्का-दुक्का लोग ही आवागमन करते नजर आए। जो लोग घरों से बाहर निकले, वे सिर पर गमछा, तौलिया या कपड़ा रखकर धूप से बचाव करते दिखाई दिए। कई लोग छाते का सहारा लेते नजर आए, जबकि कुछ लोग पानी की बोतल साथ लेकर चल रहे थे।

वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी के बीच ठंडे पेय पदार्थों की मांग में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। नगर में शिकंजी, जूस, कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखाई दिए। विक्रेताओं का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान बढ़ने के कारण उनके कारोबार में बढ़ोतरी हुई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी और लू के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने तथा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। नगरवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम में कुछ राहत मिलेगी, अन्यथा बढ़ती गर्मी का असर जनजीवन और व्यापारिक गतिविधियों पर और अधिक देखने को मिल सकता है।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन



**हल्दौर।** ग्राम चांदा नंगली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्‌भागवत कथा के आज चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य एवं उनकी बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भक्ति भाव में डूबकर कथा का श्रवण किया। कथावाचक निर्मल दासानुदास महाराज ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ते हैं, तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार धारण करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए कंस के अत्याचारों, वासुदेव द्वारा बालक कृष्ण को गोकुल पहुंचाने तथा नंदोत्सव की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कथा में पूतना वध, कालिया नाग दमन सहित विभिन्न बाल लीलाओं का भावपूर्ण चित्रण किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को सत्य, धर्म, सदाचार और भक्ति का संदेश देती हैं। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण के जयघोष लगाए, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। कथा समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रीति एवं पवन कुमार सहित बाबूराम आर्य, राजेश्वरी, रुक्मणी, काशीराम ठाकुर, सोना देवी तथा अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उम्मी वानिया सम्मानित



**नजीबाबाद।** नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट उम्मी वानिया ने मंडल स्तर पर आयोजित ग्रुप स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर तीन से 12 जून तक फतेहगढ़ में होने वाली प्रदेश स्तरीय इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग कम्पटीशन अंडर कमांड कमांडिंग ऑफिसर 30 यूपी बीएन एनसीसी शूटिंग प्रतियोगिता में चयनित हुई छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधक सुहेलुर्रहमान एवं रेबा रहमान द्वारा 5000 का चैक देकर उसे विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मंडल स्तर पर नजीबाबाद क्षेत्र एवं कॉलेज का नाम अपनी सटीक निशानेबाजी से रोशन करने वाली इस मेधावी एनसीसी कैडेट को पुरस्कृत करते हुए कॉलेज प्रबंधक सुहैलर्रहमान ने कहा कि वह पूरे कॉलेज एवं क्षेत्र की बालिकाओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी खेल एवं एनसीसी जैसी गतिविधियों में उत्साह से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु



**नजीबाबाद।** प्राचीन शिव मंदिर मौहल्ला दीवान परमान्दन के प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास पंडित अमित कौशिक ने बहुत सुन्दर श्री गणेश जी भगवान के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। कथा में श्रोताओं की अपार भीड़ रही। कथा व्यास ने कहा कि माता पार्वती की प्रार्थना करने के बाद भगवान शिव ने गणेश भगवान की पूजा की। सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं होता। कथा में विवेक अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पिंकी शर्मा, प्रमोद तिवारी, सुषमा तिवारी, सुनील करनवाल, अरविंद त्रिवेदी, मुकेश भारद्वाज, प्रफुल्ल वशिष्ठ, महेंद्र, नीरज ठाकुर, सत्येंद्र शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम तुराबनगर में एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन करने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम तुराबनगर निवासी मांगे की 19 वर्षीय पुत्री मुखर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परि. जनों ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की तबीयत अचानक बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए धामपुर के सीओ अभय कुमार पांडेय ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

पुलिस फिलहाल मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मैरिज लॉन में जनरेटर के पार्ट्स और डीजे मशीनें चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक मैरिज लॉन में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मैरिज लॉन में रखे जनरेटर के कीमती पार्ट्स और डीजे की मशीनें चोरी कर लीं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अकबरपुर देवमल निवासी सुशील कुमार शर्मा का जनरेटर का काम है। उनका बड़ा जनरेटर पिछले करीब ढाई महीने से नहटौर स्थित आरएस गार्डन मैरिज लॉन में किराए पर चल रहा था। पीड़ित सुशील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात में चोरों ने मैरिज लॉन में रखे जनरेटर के अल्टरनेटर के अंदर से तार निकाल लिए। इतना ही नहीं, चोरों ने आरएस गार्डन के मालिक संजीव के डीजे की तीन छोटी-बड़ी मशीनें भी पार कर दीं। अगले दिन जब सुशील कुमार और मैरिज लॉन के कर्मचारी वहां पहुंचे, तो सामान गायब देखकर चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने बताया कि वे काफी समय तक अपने स्तर पर सामान और चोरों की तलाश करते रहे। कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## नवागत थाना प्रभारी का पैदल गश्त



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा ने भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गश्त किया। ग्राम रतनपुर खुर्द के मुख्य बाजार और ज्वेलर्स व्यापारियों की ओर गश्त करते हुए प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा गांव के मुख्य और व्यस्ततम बाजार में पहुंचे जहां पुलिस ने संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखते हुए भ्रमण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक, एसआई रजत चौधरी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# बस स्टैंड पर रिक्शा स्टैंड बहाल करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रिक्शा चालक एसोसिएशन के बैनर तले दर्जनों रिक्शा चालकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर रोडवेज बस स्टैंड पर रिक्शा स्टैंड को पुन: स्थापित करने की मांग की।

रिक्शा चालकों ने ज्ञापन में बताया कि वह शहर में सवारी ढोकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका रिक्शा स्टैंड वर्षों से रोडवेज बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर स्थित था। हाल ही में हुए सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने आश्वासन दिया था कि काम पूरा होने के बाद स्टैंड को फिर से स्थापित किया जाएगा।

चालकों के अनुसार, सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन उनका रिक्शा स्टैंड बहाल नहीं किया गया है। इसके बजाय, वहां विदुर स्टॉल लगा दिया गया है, जिसे हटाने की मांग की गई है। इस स्थिति के कारण उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस समस्या का तत्काल समाधान करते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर रिक्शा स्टैंड को पुन: स्थापित कराने की मांग की।

इस अवसर पर नीरज चौधरी, नेमपाल सिंह, आसिफ, अरविंद कुमार, गुलशेर, साजिद, नौशाद, अशरफ और मौहम्मद आफाक सहित दर्जनों रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दिल्ली के...**

40 लोग ठहरे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग बेसमेंट स्थित रेस्तरां में लगी, जहां लगभग छह कमरे भी बने हुए थे। देर रात होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया था।जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निकासी मार्गों को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे पहली आपातकालीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं निकासी अभियान शुरू किया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल. कर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बीच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत ने बताया कि उसके आपातकाल. ीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया गया। इनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि 15 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। अस्पताल ने पुष्टि की है कि पीड़ितों में भारतीय और विदेशी दोनों नागरिक शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बहुत तेजी से फैली, जिससे भवन के भीतर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले कई लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि भवन से धमाके जैसी आवाजें सुनाई देने के बाद लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा कि मैंने कई धमाके जैसी आवाजें सुनीं और फिर भवन के अंदर से चीख-पुकार सुनाई दी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी थी और स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी विशाल कुमार ने बताया कि भवन से घना धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने भवन से घना धुआं निकलते देखा और समझ गए कि लोग अंदर फंसे हैं। स्थानीय लोगों ने कंबल और रजाइयां जुटाईं तथा बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद की। हमने खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कई लोगों को सुरक्षित निकाला। अंदर से लगातार मदद की आवाजें आ रही थीं और हर व्यक्ति अपनी ओर से मदद करने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों ने भवन की विस्तृत सुरक्षा और अनुपालन जांच के आदेश दिए हैं तथा नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

## दिल्ली होटल अग्निकांड पर मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि राजधनी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में हुआ अग्निकांड बेहद दुखद है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **02-SNT-TWS-MB-2025-26** टीटीआर – 160 सेट्स (अफ एस +टी डब्लू एस + डब्लू सी ऍम एस = 28 सेट्स, टी डब्लू एस + डब्लू सी ऍम एस = 15 सेट्स ओनली अफ एस 116 सेट्स, ट्रैप – 1 सेट) ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 11735026.66 | 234700.00 | Nil | 25.06.2026 15:00 |
| 2 | **01-SNT-TWS-MB-2025-26** टीटीआर – 117 सेट्स (अफ एस +टी डब्लू एस + डब्लू सी ऍम एस = 28 सेट्स, टी डब्लू एस + डब्लू सी ऍम एस = 16 सेट्स ओनली अफ एस–73 सेट्स) ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 11735026.66 | 234700.00 | Nil | 25.06.2026 15:00 |

नोटः– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। Tender Notice-02/01/TWS/MB2025-26 Date: 02.06.2026 1873/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 67-DRM-MB-26-27 dt. 01.06.2026 | 68-DRM-MB-26-27 dt.01.06.2026 | 69-DRM-MB-26-27 dt. 01.06.2026 |
|---|---|---|---|
| Name of work | Construction of new Quarters at Bahjoi. | Construction of B-wall at vulnerable locations to pre-vent land from encroach-ment on approaches of Major City Moradabad. | Improvement to existing water supply arrangements for passengers at Moradabad by providing 4 nos. RCC overhead tank of 225000 ltr capacity each with 4nos. borewell & pumphouse at Moradabad for coach filling facilities |
| Tender Closing Date Time | 25.06.2026 | 25.06.2026 | 25.06.2026 |
| Advertised Value | ₹ 2,22,38,004.96 | ₹ 2,73,38,330.50 | ₹ 4,69,73,287.56 |
| Earnest Money | ₹ 4,44,800.00 | ₹ 5,46,800.00 | ₹ 9,39,500.00 |
| Tender Cost (₹) | 00 | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 12.06.2026 | 12.06.2026 | 12.06.2026 |
| Period of Completion | 6 Months | 6 Months | 6 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/ Publication दिनांक: 01.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1855/2026

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-01-TRD-MB-26-27 |
| कार्य का नाम | आगामी कुंभ मेला 2027 के लिए मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर PH-53 कार्यों से सम्बंधित टी.आर.डी. का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 17.06.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | रु. 1,24,91,297.52/- (जीएसटी @18% सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | रु. 2,49,800/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 04 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

सं.: Elect/TRD/MB/2026-27/TN-01 दिनांक: 26.05.2026 1875/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication **निविदा सूचना** दिनांक : 02.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 62-DRM-MB-26-27 Dt. 20.05.2026 | 72-DRM-MB-26-27 Dt. 30.05.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Updating, reconciling, certification, and computerization of land plans for stations, in between stations and railway colony areas etc. of MB division. | USFD testing of Running rail, point and crossing, SEJ and SEJ Flange over Moradabad Division |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 3,75,00,999.75 | 1,19,78,775.06 |
| धरोहर राशि | 7,50,000.00 | 2,39,600.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 25.06.2026 16:00 | 25.06.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 11.06.2026 | 11.06.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 Months | 06 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1876/26

# गैंगस्टर अतीक की 168 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## जालौन पुलिस ने धामपुर तहसील प्रशासन के सहयोग से की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जालौन पुलिस ने धामपुर तहसील प्रशासन के सहयोग से गैंगस्टर अतीक अहमद के याकूबपुर स्थित स्लाटर हाऊस को कुर्क कर लिया है। इस कार्यवाही से हड़कम्प मच गया है। हालांकि अदालत से इस मामले में आगे चल कर कार्यवाही होने की संभावना है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कई दिनों की कवायद के बाद यह कार्यवाही की गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 14(1) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट जालौन द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में तहसील धामपुर क्षेत्र में गैंगस्टर अतीक अहमद पुत्र मौहम्मद उमर की लगभग एक अरब 68 करोड़ 13 लाख 32 हजार 600 रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को विधिवत कुर्क किया गया। उनके निर्देशन में तहसील एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा उक्त संपत्ति को सील करते हुए रिसीवर/प्रशासक उप जिलाधिकारी धामपुर को



सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति में ग्राम याकूबपुर स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं में दर्ज कुल 5.951 हेक्टेयर भूमि तथा उक्त भूमि पर निर्मित उमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस भवन शामिल है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त अतीक अहमद के विरुद्ध जालौन एवं बिजनौर जनपदों में गैंगस्टर अधिनियम सहित कुल पांच आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि संगठित गिरोह द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अवैध गतिविधियों को संचालित करते हुए अर्जित धनराशि से उक्त संपत्तियों का क्रय एवं निर्माण किया गया था। फोरेंसिक जांच में भी संबंधित प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्यों की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई जनपद जालौन एवं बिजनौर के मध्य प्रभावी अंतरजनपदीय समन्वय का उदाहरण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध एवं अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध प्रशासन की कठोर कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।



स्योहारा संवाददाता मौहम्मद इकबाल अंसारी से प्राप्त समाचार के अनुसार गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपी से संबंधित बताई जा रही सहसपुर नगर पंचायत क्षेत्र में ग्राम याकूबपुर स्थित उमर इंटरनेशनल फैक्ट्री पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पहुंची। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संपत्ति का निरीक्षण किया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फैक्ट्री के मुख्य प्रवेश द्वार को सील कर दिया। इसके साथ ही परिसर पर एक कानूनी सूचना बोर्ड भी लगाया गया। जिसमें संपत्ति की कुर्की प्रशासनिक कब्जे तथा संबंधित मुकदमों की जानकारी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध गो. कशी, पशु तस्करी तथा गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं मामलों के क्रम में शासन एवं न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। प्रशासन की ओर से मुनादी कराकर क्षेत्र के लोगों को सूचित किया गया कि उक्त संपत्ति प्रशासनिक नियंत्रण में है तथा इसके संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय हस्तांतरण अथवा अन्य लेन-देन कानूनन प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान धामपुर तहसील प्रशासन राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार विजय कुमार राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र शर्मा लेखपाल एवं अन्य राजस्व कर्मियों ने कार्रवाई को संपन्न कराया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्योहारा पुलिस के साथ सहसपुर चौकी प्रभारी यश देव शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सूत्रों के अनुसार संबंधित संपत्तियों का मूल्य डेढ़ सौ करोड़ रुपए से अधिक है। प्रशासन द्वारा पूर्व में कुर्क की जा चुकी संपत्तियों का सत्यापन कराया जा रहा है तथा शासन की मंशा के अनुरूप अपराध से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। फैक्ट्री परिसर पर लगाए गए बोर्ड में संबंधित मुकदमों एवं प्रशासनिक आदेशों का उल्लेख किए जाने के बाद क्षेत्र में पूरे दिन इस कार्रवाई की चर्चा होती रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को कमजोर करने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे मामलों में आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने किया जनसंपर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बढ़ापुर के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डा. इंद्रदेव सिंह ने आज देर शाम नगर स्थित सनातन धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती, क्षेत्र के विकास तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए डा. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि पांच जून को माननगर (भूतपुरी) स्थित श्री साईं विद्या मंदिर में सीएम योगी का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि सीएम योगी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उसे सफल बनाएं तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

गौरतलब है कि डा. इंद्रदेव सिंह अफजलगढ़/बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रह चुके हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक सरल, सहज एवं जनसामान्य के बीच रहने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में रही है। वे सर्वसमाज के लोगों से मधुर संबंध रखने तथा बिना किसी भेदभाव के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने के कारण व्यापक जनसमर्थन रखते हैं।

### सीएम के जन्मदिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्रीय समस्याओं एवं संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे। पूर्व विधायक ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि डा. इंद्रदेव सिंह आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि इस संबंध में उन्होंने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की, लेकिन उनके लगातार बढ़ते जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं जोरों पर हैं।

## पुलिस ने डीजे चोरी का किया खुलासा

### डीजे उपकरण और कॉपर की वायर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए डीजे उपकरण और कॉपर वायर बरामद किए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अकबरपुर देवमल निवासी सुशील कुमार शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरएस गार्डन में खड़े जनरेटर के तार और डीजे के उपकरण चोरी हो गए थे।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 183/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान, पुलिस ने 3 जून 2026 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बरामदगी के बाद मामले में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र कलुआ सिंह निवासी ग्राम भागीतोज, थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद, और अमीर हसन पुत्र जमील हसन निवासी लामीखेड़ा, थाना टांडा, जनपद रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 02 एम्पलीफायर मय बॉक्स, 01 डीजे मिक्सर और लगभग 10 किलोग्राम कॉपर तार बरामद किया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी

### घटना के बाद पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगीना बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोर दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के मोबाइल फोन, एसेसरीज और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

दुकान स्वामी मौहम्मद इनाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोरों ने दुकान से छह नए मोबाइल फोन, 16 पुराने मोबाइल, विभिन्न मोबाइल एसेसरीज और लगभग 56 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।



घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब दुकानदार ने दुकान खोली। अंदर का सामान बिखरा हुआ था और ताला टूटा मिला, जिसके बाद चोरी की पुष्टि हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की यह घटना उस इलाके में हुई है जहां दो बैंक और एक पुलिस चौकी भी मौजूद है। इसके बावजूद चोरों द्वारा आसानी से वारदात को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि यदि रात्रि गश्त प्रभावी होती तो इस घटना को रोका जा सकता था। लोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। क्षेत्रीय अधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### चोरों ने उड़ाई चार सोलर बैटरियां

**नगीना।** गोयल पब्लिक स्कूल के पास मौहल्ला नेजोवाली गांवड़ी में एक निर्माणाधीन मकान की छत से अज्ञात चोरों ने चार सोलर बैटरियां चोरी कर लीं। चोरी गई बैटरियों की कीमत करीब 38,000 रुपए बताई जा रही है। पीड़ित भवन स्वामी की तहरीर पर नगीना थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौहल्ला सरायमीर निवासी अब्बास अहमद पुत्र ताजीम हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मौहल्ला नेजोवाली गांवड़ी में नया मकान बनवा रहे हैं। मकान में अभी कमरों के किवाड़ नहीं लगे हैं। उन्होंने मकान की छत पर सोलर पैनल लगवाया हुआ था। पिछले दो-तीन दिनों से वह परिवार में एक शादी समारोह होने के कारण अपने इस नए मकान पर नहीं आ पाए थे। बीती शाम जब अब्बास अहमद अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे, तो उन्हें छत से सोलर पैनल की चारों बैटरियां गायब मिलीं। कोई चोर सूने मकान और असुरक्षित कमरों का फायदा उठाकर छत से बैटरियां चुरा ले गया था। पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना नगीना पुलिस को दी। पुलिस ने आज सुबह पीड़ित की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 0138/2026 के तहत बीएनएस 2023 की धारा 305(a) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक अजीत कुमार को सौंपी गई है। पुलिस टीम घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का जल्द सुराग लगाया जा सके।

### सनातन संघ ने पिलाया शरबत



**नगीना।** भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से भारतीय सनातन संघ द्वारा स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड पर शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों एवं राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। राहगीरों ने संघ के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि चिलचिलाती गर्मी में यह पहल काफी राहत देने वाली है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण बलदेव उर्फ संजय, शिव शंकर सक्सेना, राजमणि कुदेशिया, अभिषेक भटनागर, अनुज वर्मा, लव कुमार, हर्ष विश्नोई एवं मयंक चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

### जनचौपाल में पुलिस ने सुनी समस्याएं



**नगीना।** ग्राम कल्याणपुर में आज क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने सीओ के सामने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीओ राजेश सिंह सोलंकी और थाना प्रभारी अवनीत मान ने ग्रामीणों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव के तौर-तरीके, यातायात नियमों का पालन करने और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहने के प्रति जागरूक किया गया। चौपाल में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज

**नूरपुर।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर पति-पत्नी पर कथित हमले के मामले में पुलिस ने एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नूरपुर थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि विगत 26 मई की रात करीब 9:30 बजे वह अपने पति के साथ चिकित्सक के पास दवाई लेने जा रही थीं। आरोप है कि गुरुद्वारे के पास पहुंचने पर कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। शिकायत के अनुसार, गुरचरण सिंह उर्फ नीटू, अरविंदर सिंह और जसवीर सिंह उर्फ सोनू अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां मौजूद थे। आरोप है कि उन्होंने दंपती के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। जब पति ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने अपने पास मौजूद हथियारों से उनके पति पर हमला कर दिया। हमले में उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि घटना के दौरान आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ भी की।

## विदुर उत्सव-2026 का भव्य आयोजन

### सुगम संगीत, कला प्रदर्शनी और नाट्य मंचन रहे आर्कषण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सुप्रसिद्ध महाभारत कालीन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल श्रीकृष्ण विदुर मंदिर, विदुरकुटी के वार्षिक स्थापना दिवस पर एक दिवसीय 'विदुर उत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में प्रात:काल यज्ञ, पूजन एवं प्रसाद वितरण हुआ, जबकि सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यज्ञशाला में पुरोहित राजीव ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ और हवन संपन्न कराया। इसमें संस्था की पदेन सचिव एवं उपजिलाधिकारी सदर रितु रानी ने यजमान के रूप में आहुतियां अर्पित कीं। इसी दौरान कवि संजीव एकल द्वारा रचित और दीप अंजुम द्वारा संगीतबद्ध शविदुर आरतीश का विमोचन भी किया गया। इसके बाद पूजन, आरती,



भोग और प्रसाद वितरण हुआ।

सायंकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम रितु रानी, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी शुभम सिंह और तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना ने किया।

उन्होंने मां सरस्वती एवं महात्मा विदुर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए। कार्यक्रम का संचालन विकास अग्रवाल 'विकास' एवं दीप अंजुम ने संयुक्त रूप से किया। उत्सव में डा. रिचा शर्मा के निर्देशन में कई कलाकारों ने अपनी आकर्षक कलाकृतिया और रंगोलियां प्रदर्शित कीं। इनमें रुद्राक्ष, मनसा, पवन, जितेंद्र मारवाड़ी, पूजा हलदर, डा. वर्षा अग्रवाल, मीनाक्षी चौधरी, अरशद अली, सुधीर शर्मा और नौशाद अख्तर शामिल थे। सांस्कृतिक समारोह में विविध प्रस्तुतियां दी गईं। विकास अग्रवाल 'विकास' एवं दीप अंजुम द्वारा विदुरकुटी के पौराणिक प्रसंगों पर लिखी गई रचनाओं को दीपक दीवाना, संजना राजपूत और शौर्य जैसे कलाकारों ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। विदुर गुरुगृह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जबकि छात्र अनादि शर्मा एवं पायल ने विदुर नीति के सारगर्भित विचार साझा किए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विदुरकुटी में लंबे समय बाद ऐसा भव्य आयोजन हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में यहां प्रतिवर्ष महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस स्थल से विशेष लगाव है और इसके विकास को भविष्य में और गति मिलेगी।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री मौ. इमरान व श्री मौ. फुरकान पुत्रगण श्री मौ. उमर मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री सुभाष चन्द पुत्र श्री ओमप्रकाश नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं. **वाहिद नगर,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## चुनाव कार्यक्रम सूचना

कन्या इण्टर कॉलेज धामपुर (बिजनौर) की प्रशासन योजना के अनुसार चार पदाधिकारी उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उपप्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष और सात प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चुनाव दि. 28.06.2026 को प्रात: 09:00 बजे विद्यालय भवन में होना था, जो पीठासीन अधिकारी श्री डॉ. होरी सिंह द्वारा स्थगित कर दिया गया था अब यह चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक (बिजनौर) द्वारा संशोधित एवं अनुमोदित सूची जारी करने के उपरान्त दि. 03.08.2026 को प्रात: 09:00 बजे विद्यालय भवन में होगा। अत: विद्यालय की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि चुनाव कार्यक्रम में सम्मलित होने का कष्ट करें। जिसमें श्री डॉ. होरी सिंह प्रधानाचार्य चौ. बल्देव सिंह, उ.मा.वि. बमनौली चुनाव के पीठासीन अधिकारी एवं श्री शरत कुमार प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल शाहलीपुर नीचल (बिजनौर) पर्यवेक्षक रहेंगे। संशोधित चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | साधारण सभा के सदस्यों की अनुमोदित सूची प्रकाशित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा | 27.07.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 2 | नामांकन | 28.07.2026 | प्रात: 10:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जांच | 29.07.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 4 | नाम वापस लेने की तिथि | 30.07.2026 | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | प्रबन्ध समिति के उम्मीदवार पदाधिकारी एवं सदस्यों की सूची का प्रकाशन व नोटिस बोर्ड पर चस्पा। | 31.07.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 6 | चुनाव यदि आवश्यक हुआ | 03.08.2026 | प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक |
| 7 | चुनाव परिणाम एवं निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों की घोषणा | 03.08.2026 | सायं 05:00 बजे |

चुनाव कार्यवाही एवं मतदान के लिए सभी सदस्यों को अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना आवश्यक है।

**डॉ. शलभ कुमार अग्रवाल**
**प्रबंधक**
**कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)**

**डॉ. होरी सिंह**
**पीठासीन अधिकारी**
**कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)**

# हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी घायल



## ट्रैक्टर ट्राली चालक हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से हो गया।

ग्राम नानौर माफी, थाना मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा निवासी विजयपाल सिंह और हरिओम दोपहर करीब चार बजे बाइक से ग्राम धीवंरपुरा अपनी बहन के घर से लौट रहे थे। चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। ग्रामीणों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर ट्राली भी सड़क किनारे जा पलटी। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां से उन्हें बिजनौर रैफर कर दिया गया। बिजनौर से मेरठ ले जाते समय विजय पाल सिंह की मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल हरिओम का उपचार चल रहा है। मृतक के परिजनों द्वारा घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व उसके चालक को हिरासत में लेकर अगली कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई हरिशचंद पुत्र दिसोंदी निवासी ग्राम नांदनौर माफी थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 327/2026 धारा 281/106(2)/125(बी) बीएनएस दर्ज कर लिया है।

# अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

## माफियाओं में मचा हड़कंप, अगली कार्रवाई पर टिकी निगाहें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जिला पंचायत प्रशासन ने जिले में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में मंगलवार को मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में कोटावाली नदी के समीप एक कथित अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया। प्रशासन ने इसे अवैध निर्माणों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई बताया है।

जिला पंचायत बिजनौर के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्र के निर्देश पर गठित एक टीम ने खसरा संख्या 415, रकबा 1. 281 हेक्टेयर भूमि पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से कुछ निर्माण ध्वस्त किए। इस कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता रोहित कुमार, लेखपाल पवन दिवाकर, कानूनगो सरफुद्दीन, थाना मंडावली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, चौकी प्रभारी अमूल मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। भागूवाला क्षेत्र में अधिकांश कॉलोनियां जिला पंचायत से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना विकसित की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और भविष्य में बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित करने वालों को नोटिस देकर बुलडोजर चलाया जाएगा। हालांकि, संबंधित कॉलोनाइजरों का दावा है कि उन्हें कोई पूर्व नोटिस नहीं दिया गया और सीधे बुलडोजर कार्रवाई कर दी गई। दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण वास्तव में अवैध था, तो उसका पूर्ण ध्वस्तीकरण होना चाहिए था। लोगों का आरोप है कि कार्रवाई केवल कुछ पिलर गिराने तक सीमित रही, जिससे क्षेत्र में प्रशासन की 'बड़े अभियान' की बात पर सवाल उठ रहे हैं। जिला पंचायत प्रशासन ने पहले ही भागूवाला क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृति विकसित हो रही कॉलोनियों एवं व्यावसायिक भवनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी। प्रशासन ने दोहराया है कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी प्लॉट या संपत्ति की खरीद से पहले उसके दस्तावेजों और वैध स्वीकृतियों की जांच करने की अपील भी की। अब इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि निर्माण वास्तव में नियमों के विपरीत हैं, तो उन पर पूरी तरह से कार्रवाई होनी चाहिए।

# बढ़ते तापमान से बचाव के लिए सावधानी जरूरी : डॉ. मनोज वर्मा



## लू, डिहाइड्रेशन और संक्रमण से बचाव की दी सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में छोटे बच्चों बुजुर्गों और पहले से बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डा.मनोज वर्मा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण लू लगना डिहाइड्रेशन शरीर में पानी की कमी बुखार, उल्टी-दस्त, चक्कर आना, कमजोरी, त्वचा संबंधी संक्रमण तथा रक्तचाप से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से छोटे बच्चों और बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होने के कारण उन्हें अधिक खतरा रहता है। हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों को भी इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

उन्होंने सलाह दी कि लोग दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढकें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, ओआरएस छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। बच्चों को धूप में खेलने से बचाएं और बुजुर्गों को ठंडे एवं हवादार स्थान पर रखें। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि बाजार में मिलने वाले खुले खाद्य पदार्थों तथा कटे हुए फलों के सेवन से भी बचना चाहिए। क्योंकि गर्मी में खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते हैं और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन लेने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर, अत्यधिक प्यास, दबेहा.शी, सांस लेने में परेशानी या लगातार उल्टी-दस्त जैसी शिकायत हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने और अपने परिवार के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता, पर्याप्त पानी का सेवन और सही खानपान अपनाकर गर्मी से होने वाली अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से स्वयं जागरूक रहने के साथ साथ दूसरों को भी गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

## एक नजर

### अक्षिता बनीं राज्य वित्त अधिकारी



**बिजनौर।** प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत गर्ग और बिजनौर नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. संगीता गर्ग की बेटी अक्षिता गर्ग ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्हें राज्य वित्त अधिकारी कैडर में छठी रैंक मिली है। अक्षिता ने यह सफलता पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को दिया है। उनके चयन से परिवार में खुशी का माहौल है और शुभचिंतक उनके माता-पिता को बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं। अक्षिता गर्ग ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बिजनौर से पूरी की। उन्होंने सेंट मेरिज बिजनौर से हाईस्कूल की परीक्षा 98 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर मंडल में टॉप किया था। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली के वसंतकुंज स्थित डीपीएस से 12वीं की परीक्षा 97.5 प्रतिशत अंकों से पास की और दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। अक्षिता इससे पहले दो बार यूपीएससी की परीक्षा दे चुकी हैं और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी शामिल हुई हैं। उनका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। वह फिलहाल अपने नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी यूपीएससी की तैयारी जारी रखेंगी। अक्षिता ने बताया कि उनके माता-पिता ने कभी उन पर कोई फैसला नहीं थोपा, जिससे उनका हौसला हमेशा बढ़ा रहा।

### छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट।** बकरियों के लिए पत्ते लेने गई दो नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ और जोर-जबरदस्ती करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्राम हरेवली उर्फ भगौता निवासी महताब पुत्र जुल्फकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 मई की दोपहर करीब तीन बजे उसकी दो बहनें गांव की ही एक अन्य युवती के साथ पास के जंगल में स्थित (यूकेलिप्टस) के बाग में बकरियों के लिए पत्ते लेने गई थीं। तहरीर के मुताबिक जब वे कुछ दूरी पर अलग से पत्ते तोड़ रही थी, तभी सूनेपन का फायदा उठाकर गांव के ही दो युवक, शौकीन पुत्र फुरकान और फरहान पुत्र जाबिर, वहां पहुंच गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने नाबालिग बहनों को अकेला पाकर उनके साथ बदसलूकी, छेड़छाड़ और जोर-जबरदस्ती करने का प्रयास किया। बामुश्किल जान बचाकर भागीं पीड़िताएं अचानक हुए इस हमले और अभद्रता से घबराई बहनें और उनकी सहेली ने हिम्मत दिखाई और शोर मचाते हुए किसी तरह आरोपियों के चंगुल से खुद को छुड़ाया। पीड़ित लड़कियां जंगल से भागकर बामुश्किल अपने घर पहुंचीं और परिजनों को आपबीती सुनाई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# भाकियू की पंचायत में संगठन विस्तार पर मंथन

## पांच जून को नांगल सोती पहुंचेंगे युवा नेता गौरव टिकैत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम कुशालपुर मडका में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

बैठक के दौरान भाकियू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की वर्तमान गति. विधियों तथा किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि भाकियू के युवा नेता गौरव आगामी पांच जून को नांगल सोती पहुंचेंगे। उनका कार्यक्रम मायापुरी हनुमान मंदिर के समीप वेंकटल में आयोजित किया जाएगा, जहां किसानों और स्थानीय लोगों को संबोधित करने की संभावना है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी कार्यक्रम किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। किसानों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पदाधिकारियों ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत और समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बैठक में तेजवीर सिंह, जसवीर सिंह, कर्मेंद्र सिंह, अक्षय कुमार, अनिल चौहान, अजय बालियान, मुकुल सहरावत, राहुल पहलवान और चौधरी महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने संगठन की मजबूती और किसानों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# अपना दल में अनुशासन पर सख्त रुख

## संगठन विस्तार के लिए जिलाध्यक्ष ने जारी किए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** लखनऊ से लौटने के बाद अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष चौ. शैलेन्द्र चौधरी ने जनपद में संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में पार्टी के सभी संगठनात्मक कार्य निर्धारित व्यवस्था और जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ही संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया।

चौ. शैलेन्द्र चौधरी ने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो विधानसभा अध्यक्ष अपनी टीम का गठन करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, उनके क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। यदि प्रभारी भी संगठन निर्माण में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं, तो उन्हें भविष्य में कोई नई जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाएगी।

उन्होंने कहा कि संगठनात्मक बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बिजनौर जनपद में रहने वाले सभी वरिष्ठ और बड़े पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां आगामी जिला कार्यक्रम बैठक में निर्धारित की जाएंगी। इसके माध्यम से संगठन में जवाबदेही और कार्य विभाजन को और प्रभावी बनाया जाएगा।

उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपने वाहनों तथा आवासों पर पार्टी के रंग की नाम पट्टिका लगाने और पार्टी का झंडा लगाने के अभियान को गति देने का आह्वान किया। उनका कहना था कि इससे संगठन की पहचान और जनसंपर्क दोनों मजबूत होंगे। संगठन विस्तार के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी और सहयोगी प्रभारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। चांदपुर में कमला सिंह जाटव और हारून मंसूरी, बिजनौर में राकेश त्यागी और कपिल चौधरी एड., नजीबाबाद में वकील अहमद और अजीत चौधरी, नगीना में किशोर कुमार और प्रदीप चौधरी, नहटौर में विश्वास राव और यशपाल सिंह, धामपुर में अभिषेक, कोमल और अय्यूब अहमद तथा नूरपुर में जाकिर-उल-नासिर के नेतृत्व में संगठन विस्तार का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नगीना और नजीबाबाद क्षेत्रों में वह स्वयं प्रत्यक्ष रूप से संगठनात्मक गतिविधियों की निगरानी करेंगे, ताकि पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

## एक नजर

### अवैध होर्डिंग्स पर पालिका की कार्रवाई



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स बैनर एवं विज्ञापन बोर्डों के खिलाफ नगर पालिका द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। ईओ विजेंद्र सिंह पाल के निर्देश पर पालि. का टीम ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगे अवैध होर्डिंग्स को हटवाया। नगर पालिका द्वारा नगर की सौंदर्यता बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान बिना अनुम. ति लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर और विज्ञापन सामग्री को हटाकर संबंधित लोगों को भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं बिना अनुमति लगाए जाने वाले विज्ञापन बोर्डों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का होर्डिंग अथवा विज्ञापन बोर्ड लगाने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेना अनिवार्य है। इस दौरान नगर पालि. का की टीम मौजूद रही और अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

### गर्भवती महिला से मारपीट

**चांदपुर।** एक विवाहिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व मौहल्ला काजीजादगान निवासी युवक से हुई थी। उसके एक बच्चा भी है और वह इस समय गर्भवती भी है। उसने अपने आपको डाक्टर को दिखाने के लिए कहा, तो उसके पति ने गर्भावस्था में उसके साथ मारपीट की तथा भविष्य में कोई कदम उठाने पर उसे जान से मारने की धामकी दी। शोर शराबा सुनकर मारपीट के समय आसपास के लोगों ने उसे बचाया। इसी बीच प्रार्थिनी की मां उसे बचाने आई, तो उसकी मां के साथ भी गाली-गलौच की गई। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित विवा. हता ने पति व देवर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### गुंडागर्दी व अवैध कब्जे का आरोप

**नहटौर।** ग्राम नकीबपुर में गांव के ही कुछ लोगों पर गुंडागर्दी करने, निजी जमीन पर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता महिला गीता कौर ने आरोप लगाया कि गांव के ही चार लोग खिलेंद्र, लोकेंद्र, हर्ष और जय सिंह लगातार दबंगई कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि ये लोग अक्सर शराब के नशे में गांव वालों के साथ गाली-गलौच और मारपीट करते है। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़िता की निजी जमीन पर, जिसका उपयोग गांव के बच्चे खेल के मैदान के रूप में करते हैं, सरकारी ईंटें लाकर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने ईंट और फावड़े लेकर हमला करने का प्रयास किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसी रात आरोपियों ने जबरन उनकी जमीन पर एक गड्ढा खोदकर निर्माण कर लिया और उनके घर के सामने बनी पैड़ियां (सीढ़ियां) तोड़ दीं। साथ ही, आरोपियों ने 'कुआं देवता' के नाम पर डराते हुए धमकाया कि यदि कोई इसे हटाने की कोशिश करेगा, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के समय डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद नहटौर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक न तो अवैध कब्जा हटाया गया है और न ही दबंगों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़िता ने जिला प्रशासन और उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि दबंगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नामजद आरोपियों की होगी।

# 'हमारे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद' का सफल मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा धामपुर पब्लिक स्कूल में स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच अभिनय के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण (रंगमंच अभिनय) कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ धामपुर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता, हिंदू रक्षा दल महिला मोर्चा अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यशाला का प्रशिक्षण रंगमंच लेखक, निर्देशक एवं फिल्म कलाकार श्री शुभम पाण्डेय द्वारा दिया गया। जो भारतेंदु नाट्य अकादमी रंगमंडल, लखनऊ के वर्ष 2015-16 के पूर्व कलाकार रह चुके हैं।

कार्यशाला के अंतिम दिवस विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में तैयार की गई नाट्य प्रस्तुति 'हमारे आजाद' का मंचन धामपुर पब्लिक स्कूल सभागार में किया। नाट्य प्रस्तुति पूर्णतः भारत के महान क्रांतिकारियों पर आधारित थी, जिसमें अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बचपन से लेकर युवा अवस्था तक के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में यह दर्शाया गया कि चंद्रशेखर आजाद किस प्रकार क्रांतिकारी बने, अन्य क्रांतिकारियों से जुड़े तथा काकोरी कांड जैसी ऐतिहासिक घटना को किस प्रकार अंजाम दिया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्षमा हेमलता एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# जाट जागरण मंच ने मेधावी किए सम्मानित



## चंद्रवाहिनी ने बच्चों को दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जाट जागरण मंच के द्वारा उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन बागड़पुर स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जाट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि आईएएस अधिकारी सुश्री चंद्रवाहिनी चौधरी, चौधरी दानवीर सिंह, प्रिंसिपल रायपुर अभिनव चौधरी रहे। कार्यक्रम में जनपद की टॉपर अपेक्षा तोमर सहित 98 विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष हनी तोमर ने किया। कार्यक्रम में जाट जागरण मंच के संरक्षक लव कुमार, दूसरे संरक्षक धर्मपाल सिंह, संयोजक आनंद तोमर, कोषाध्यक्ष सहदेव राणा, मंच के सदस्य शैलेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, संजीव तोमर, विनीत तोमर, अरविंद सिंह, यशवीर सिंह, मानवेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, कपिल राठी, रुपेश चौधरी, पुष्पेंद्र देशवाल, अजित सिंह, तरुण चौधरी, सौरभ राणा, पीयूष तोमर, विरेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, जोगेंद्र चिकारा, खुशपाल सिंह ओर चक्षु उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा किस तरह के आयोजन समाज को आगे आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं वह विद्यार्थियों में अच्छे अंक लाने की होड़ समाज में लगती है। इस अवसर पर चंद्र वाहिनी ने कहा कि बच्चों को अपना गोल सेट करना चाहिए और अपना लक्ष्य प्राप्त करने के टिप्स बच्चों को दिए। दानवीर सिंह ने कहा कि समाज पढ़ाई के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने की जरूरत है और अपने परंपराओं के साथ समाज में आगे बढ़ाने एक दूसरे की मदद करने की प्रेरणा बच्चे ले। अभिनव चौधरी ने भी बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए टिप्स दिए।

# फर्जी निस्तारण करने वाले लेखपाल पर कार्रवाई नहीं, तो भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों का लेखपाल ने फर्जी निस्तारण कर दिया। शिकायत कर्ता ने फर्जी निस्तारण करने के आरोपी लेखपाल पर कार्रवाई नहीं करने पर अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है।

जनसुनवाई पोर्टल पर 5.2.26 को शिकायत की गई। जिसका शिकायत नम्बर 40020526600 के निस्तारण में लिखा है कि गाटा संख्या 937 को नाली को मौके पर जाकर अवैध कब्जा मुक्त कर दिया है जो सत्य है मौके पर नाली पर आज भी अवैध कब्जा है। आरोप है कि दिनांक 9.4.26 की शिकायत 4002052600धव 7383 के निस्तारण में भी भारी अनियमिता की गई गाटा संख्या 370 जो बंजर भूमि है जिसका रकबा 0.247 हेक्टेयर है निस्तारण में 0047 हेक्टेयर पर धारा 67 की कार्यवाही की 0.200 हेक्टेयर जो गाटा 370 का शेष रकबा है पर धारा 67 के कार्यवाही नहीं करके लेखपाल रोहित व राजस्व निरीक्षक अमी चंद ने अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर उल्लंघन किया। शिकायत कर्ता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या कारण है कि गाटा संख्या 370 के शेष 0.200 हेक्टर रखने पर धारा 67 की कार्यवाही नहीं की? कार्यवाही में वयापक साठगांठ व मिली भगत हुई। पोर्टल के आवेदन में शिकायतकर्ता नहीं यह भी लिखा कि मेरे मकान पर की गई कार्यवाही निराधार है। जिसकी पुनः पेमाईश दोबारा कराई जाए। अगर पूर्व में की गई पैमाइश सही पाई गई तो शिकायतकर्ता तुरंत दोगुना जुर्माना जमा करेगा। आज तक पुन पैमाइश नहीं की जो की विरोधियों की शिकायत पर मेरे खेत की एक माह में राजस्व टीम ने दो बार पेम पैमाइश की फीडबैक की गई जिस पर भी संज्ञान नहीं लिया। शिकायत कर्ता ने दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कार्यवाही नहीं की गई तो उपजिलाधिकारी के तहसील परिसर स्थित कैम्प कार्यालय सम्भल में 6 जून को 11:00 बजे से भूख हड़ताल पर बैठेने की चेतावनी दी। ज्ञापन देते महंत भगवान दास शर्मा, चंद्र प्रकाश एडवोकेट, नितिन शर्मा एडवोकेट, महिपाल सिंह, देवी सिंह, जोगेंद्र कुमार, अंजार आदि उपस्थित रहे।



सम्भल। करंट से युवक की मौत पर विलाप करते परिजन एवं इंसेट में मृतक

# करंट से युवक की मौत पर मचा कोहराम

- नहाकर समरसेबल बंद करते आया करंट की चपेट में
- परिजन लेकर गए अस्पताल, चिकित्सक ने किया मृत घोषित
- पांच साल पूर्व हुआ था मृतक का विवाह दो मासूम बच्चे
- परिजनों ने किसी कार्रवाई से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** नगर के टंकी मोहल्ला में मंगलवार सुबह करंट लगने से एक 29 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।
जानकारी के अनुसार टंकी मोहल्ला निवासी हसनैन पुत्र मेहंदी हसन (29) सुबह करीब 10 बजे अपने घर में नहा रहे थे। नहाने के बाद जैसे ही वह समरसेबल पंप बंद करने के लिए आगे बढ़े, उनका हाथ बिजली के खुले तार से टच हो गया। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण उन्हें जोरदार झटका लगा और वह मौके पर ही गिर पड़े। युवक के चीखने और गिरने की आवाज सुनकर सामने काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने किसी तरह बिजली का तार अलग कर हसनैन को उठाया और परिजनों की मदद से तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की करीब पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चे, एक बेटा और एक बेटी हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई को करने से किया इन्कार।

# अभिलेख न मिलने पर बैरंग लौटी जांच टीम

- ग्राम पंचायत आढ़ौल में कागजों में विकास कार्य धरातल कुछ ओर होने की जिलाधिकारी से की गई थी शिकायत
- जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित की गयी थी जांच टीम
- चौथी बार भी नहीं हो सकी जांच
- अभिलेख मिलने पर नई तिथि तय कर की जाएगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर पहुंची जांच चौथी बार भी टल गई। ग्राम प्रधान ओर सचिव द्वारा टीम को अभिलेख उपलब्ध न कराने पर बैरंग लौटना पड़ गया।

पवांसा विकासखंड के अढ़ोल गांव निवासी योगेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में अनियमितताओं की योगेन्द्र द्वारा शौचालय, सौंदर्यीकरण, खड़ंजा, सड़क और नल जैसी योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। शिकायत कर्ता का कहना है कि तीन शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई और चौथी बार भी जांच टाल दी गई। शिकायत कर्ता का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव की ओर से जांच टीम को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध ही नहीं कराये गये। शिकायत कर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की थी। आरोप है कि कई कार्य कागजों में दिखाए गए, जबकि धरातल पर उनकी स्थिति अलग है। शिकायत के आधार पर जांच टीम गांव पहुंची, थी लेकिन अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं जांच अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए टीम गांव पहुंची थी। सचिव से अभिलेख मांगे गए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद नई तारीख तय कर दोबारा जांच की जाएगी।

## दो पंखा चोर सीसीटीवी की मदद से पकड़ा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में एक इलेट्रॉनिक्स की दुकान से दो पंखा चोरी कर ले गये व्यक्ति को सीसीटीवी फुटेज से बुधवार को पकड़ लिया। बाद में उसने वह पंखे दुकानदार को वापस कर दिये। जिसका वीडियो भी प्रसारित हो गया।
एक दिन पूर्व मंगलवार को पकड़े गये व्यक्ति ने दो पंखों की चोरी थी। बुधावार को पंखा चोर को दुकानदार ने पहचान लिया और पकड़ लिया। उसने दो पंखा चोरी करने की बात स्वीकार की। इस बीच और दुकानदार भी आ गये। बताते हैं कि व्यक्ति कबाड़ा बीनने का काम करता है। बाद में उसने दोनों पंखे बापस दे दिए और फिर उसको दुकान स्वामी ने जाने दिया। दुकान स्वामी ने कोई पुलिसिया कार्यवाही नहीं की।

## गर्मी के साथ ट्रिपिंग भी लगातार बढ़ रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जहां भयंकर गमी का प्रकोप से जनमानस परेशान है वहीं बिजली की लगातार ट्रिपिंग भी बढ़ती जा रही है। दिन हो या रात बिजली की ट्रिपिंग में कोई कमी नहीं है।

# बिना तपा ही बीत गया इस बार नौतपा

- भीषण गर्मी से परेशानी, तापमान व उमस बढ़ने की सम्भावना

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** इस बार नौतपा बिना तपा ही बीत गया। 25 मई से शुरू हुए नौतपा में क्षेत्र और आसपास के इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा। आंधी-बारिश के चलते तापमान 36 से 39 डिग्री के बीच बना रहा। अब मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने और उमस भरी गर्मी की आशंका जताई है। 2025 में नौतपा के दौरान क्षेत्र में भी पारा 44-45 डिग्री तक पहुंचा था। तेज लू और गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ था। इस बार बीच-बीच में चली तेज हवाओं और हल्की बारिश ने लोगों को काफी राहत दी। मंगलवार को नौतपा समाप्त होने के बाद अब मौसम फिर बदलने वाला है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, इस सप्ताह तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अगले कुछ दिन आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। इससे दिन में तेज धूप के साथ उमस बढ़ेगी और रात का तापमान भी ऊपर जाएगा। कुल मिलाकर क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में इस बार नौतपा बेअसर रहा। मगर अब अगले सप्ताह से गर्मी फिर तेवर दिखा सकती है।

# ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास का पांचवा बड़ा मंगल पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

- भगवान श्रीराम के परम प्रिय भक्त कलियुब के जागृत देव हैं हनुमान जी, भक्तों ने लगाय जय श्रीराम के नारे

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के स्टेशन रोड स्थित मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला अध्यक्ष अतुल गोयल के आवास पर बीती रात ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास का पाँचवाँ बड़ा मंगल पर्व श्रृद्धा पूर्वक, भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. भक्तों ने जय श्री राम,जय हनुमान के जय कारे लगाए। जिससे वातावरण भक्तिमय.हो गया। हनुमान जी की भव्य रूप से आरती उतारी गई. हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पण्डित जी ने बताया कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को श्री हनुमान जी का भगवान श्री राम से मिलन हुआ. ज्येष्ठ मास में श्री हनुमान जी का पूजन करने से श्री हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों के रोग, शोक और अन्य जीवन में आने वाले संकटों को दूर करते हैं। इस अवसर पर अतुल गोयल, मंजू गोयल,पूजा गोयल,गार्गी गोयल,सोनू गोयल,कार्तिक गोयल,गर्वित,एसके भारद्वाज, लक्ष्मीकांत शर्मा आदि रहे।

# अवैध ऑप्टिक्ल्स क्लीनिक की गई सील

- नोडल अधिकारी ने किया था निरीक्षण संचालन को वैध दस्तावेज नहीं मिलने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अवैध क्लीनिक पर चल रहे कार्रवाई अभियान में एक ऑप्टिकल्स क्लीनिक के निरीक्षण में काफी कमियां पायी गयीं। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक को सीज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

असमोली थाना क्षेत्र स्थित प्रिंस ऑप्टीकल्स का स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा निरीक्षण निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑप्टिकल्स पर काफी कमियां पायी गयीं। मौके पर मौजूद नोडल अधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अलीजान पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम दबोई खुर्द द्वारा की गई शिकायत के आधार टीम के साथ प्रिंस ऑप्टीकल्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय चौकी इंजार्च मनौटा भी उपस्थित रहे, निरीक्षण के समय प्रिंस ऑप्टीकल्स के संचालक बिजेन्द्र कुमार पुत्र वालाराम निवासी असमौली मौके पर मौजूद मिले। संचालक से क्लीनिक संचालन से सम्बन्धित दस्तावेज मांग गए लेकिन संचालक द्वारा क्लीनिक संचालन से सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जा सका। इसलिए क्लीनिक संचालन को अवैध मानते हुए मौके पर सील कर दिया गया एवं मौके पर मिले चिकित्सा उपकरणो को भी सील कर दिया गया। संचालक बिजेन्द्र कुमार पुत्र वालाराम के विरूद्व इण्डियन मेडिकल कमिशन एक्ट 2019 की धारा 34(2) एवं भारतीय न्याय की संहिता 2023 की धारा 318 (4) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## बढ़ती गर्मी के बाद भी मच्छरों का प्रकोप बराबर

**सम्भल।** गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर या यूँ कहें कि अर्द्ध रात्री के बाद मच्छरो का आतंक फिर से शुरू हो जाता है। जिससे नगर वासी परेशानी में सो नही पा रहे है सुबह में नींद पूरी न होने कारण के चलते सर में दर्द की शिकायत आम होती जा रही है।

# पत्रावली गायब करने के आरोप में अधिवक्ता पर एफआईआर दर्ज

- राजस्व लिपिक माल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की प्रथम सूचना रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील गुन्नौर में धारा 24 की पत्रावली गायब करने का अधिवक्ता पर आरोप लगाया गया है। राजस्व लिपिक माल की ओर से अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

तहसील गुन्नौर में वाद संख्या टी-202613740509141, नौबत सिंह बनाम रामकुवर, ग्राम नगलिया काजी से संबंधित अभिलेख गायब हो गये। तहसीलदार गुन्नौर के राजस्व लिपिक (माल बाबू) मो. सरवर की तहरीर पर थाना गुन्नौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरोप है कि अधिवक्ता योगेश ने उनके पटल पर आकर उक्त वाद की पत्रवली देखने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर संबंधित पत्रावली उपलब्ध करा दी गई। इसके उपरांत अन्य कृषकों के प्रार्थना-पत्रों का अवलोकन करने के पश्चात जब उक्त पत्रावली को देखा गया तो वह अपने स्थान पर नहीं मिली। कार्यालय में उपस्थित अन्य व्यक्तियों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि अधिवक्ता योगेश कुमार उक्त पत्रवली अपने साथ ले गए हैं तथा उसे वापस नहीं किया गया। इस संबंध में राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा अधिवक्ता योगेश कुमार के विरुद्व संबंधित थाना गुन्नौर में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# नफरतों का दौर खत्म हो और प्यार बढ़े चादर चढ़ाकर मांगी दुआ

- सपा के जिला सचिव ने चढ़ाई शेख पचासे मियां के मज़ार पर चादर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा के जिला सचिव ने सर्मथकों व कार्यकर्ताओं के साथ मज़ार पर चादरपोशी की और अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी।

मौहल्ला नाला स्थित हजरत शेख पचासे मियां का उर्स शरीफ शुरू हो गया है। उर्स में काफी संख्या में ज़ायरीन पहुंचकर अपनी अकीदत पेश कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली ने कार्यकर्ताओं और सर्मथकों के साथ पहुंचकर मज़ार पर चादरपोशी की। जबकि ऐंसे स्थानों पर आते रहने का संदेश देते हुए कहा कि मज़ार पर आने से कल्वी सुकून मिलता है तथा अकीदतमंदों की मुरादें पूरी होती हैं। उन्होने मज़ार पर अकीदत की चादर पेश की और देश दुनिया में अमनो-अमान के साथ भाईचारे व तरक्की की दुआ की। साथ ही नफरतों के दौर भी खत्म होने और प्यार की ऐंसी हवा चले जिसमें भाई-भाई हो ओर एक दूसरे में प्यार बढ़े दुआ के लिए भी हाथ उठाये। इस मौके पर उनके साथ रमेज राजा, जाहिद साबरी, अरमान, इरशाद, हाजी इमरान, नबील, नदीम, वसीम, मौ. फैज़ान, इमजमाम आदि मौजूद रहे।

## जिम उपकरण सात प्रतिशत मेंहगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बबराला।** पेट्रोल-डीजल की आग ने अब क्षेत्र के जिम और खेल मैदानों को भी झुलसा दिया है। सेहत बनाने का जुनून रखने वाले युवाओं की जेब पर महंगाई की फुलटॉस पड़ गई है। बीते 7 महीनों में खेल और फिटनेस उपकरणों के दाम 7 फीसदी तक उछल गए हैं।
महंगाई का यह शॉट ऐसे वक्त लगा है जब क्षेत्र में फिटनेस का क्रेज चरम पर है। स्थानीय कारोबारी बताते हैं कि दिल्ली-मेरठ और बड़ी कंपनियों से माल मंगाने पर अब ज्यादा खर्च बैठ रहा है। पिछले कुछ सालों में गुन्नौर तहसील क्षेत्र में जिम कल्चर तेजी से बढ़ा है। छोटे-बड़े मिलाकर कई जिम खुल चुके हैं। वहीं क्रिकेट भी कई मैदानों पर युवा खेल रहे हैं। लेकिन इनके सामान पर बढ़ोतरी हुई है।

# नियमों के विपरीत संचालित मिला स्वीमिंग पूल सील

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वीमिंग पूल में किशोर की मौत के बाद क्षेत्र में संचालित स्वीमिंग पूल पर प्रशासन की नजर टेंढ़ी हो गयी है। नगर मजिस्ट्रेट को बिना नियमों का पालन कर स्वीमिंग पूल का संचालन करता हुआ मिला। जिसे सील करा दिया गया।

बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट ने तख्तगुशाइन स्थित स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि इस स्वीमिंग पूल का संचालन फहीम पुत्र नजर हुसैन निवासी बेगम सराय तहसील व जिला सम्भल द्वारा कराया जा रहा है। जिससे दूरभाष पर सम्पर्क कर स्वीमिंग पूल संचालक को मौके पर बुलाकर एन.ओ.सी. मांगी गयी, तो स्वीमिंग पूल संचालक बिना एन.ओ.सी. के स्वीमिंग पूल चला रहा था। जबकि स्वीमिंग पूल संचालक के पास नगर पलिका परिषद सम्भल, अग्नि शमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, भू-गर्भ जल संरक्षण विभाग से एन.ओ.सी. भी नहीं थी। इसके अलावा सेफ्टी इक्विपमेंट में ट्रेंड लाइफगार्ड, लाईफ रिंग, रेस्क्यू ट्यूब, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स के साथ सी.पी.आर. किट, पानी की क्वालिटी के लिए फिल्टेरेशन प्लांट, क्लोरिनेशन, टाईमिंग, ड्रेस कोड, बोर्ड लगा नहीं मिला। इसके अलावा 14 साल से कम आयु के बच्चों को बिना गार्जियन नहाते हुए पाया गया। स्वीमिंग पूल संचालक फहीम पुत्र नजर हुसैन निवासी बेगमसराय खुले तौर पर अनदेखी कर संचालन कर रहा था। जिस कारण स्वीमिंग पूल का संचालन बन्द करते हुए सील करने की कार्यवाही की गयी।



सम्भल- तश्तगुशाइन स्थित स्वीमिंग पूल का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट।

## एक नज़र इधर भी

### पांच का शांतिभंग की आशंका में चालान

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना बबराला पुलिस ने शांति भंग की आशंका में पांच लोगों का चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि सत्यवीर, तेजपाल, रामअवतार निवासीगण गांव लहरारतू और सतीश निवासी जमालपुर डांडा, अनुज कुमार निवासी मुहल्ला कल्लू. नगला पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

### प्रभारी मंत्री जनपद में भ्रमण आज

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग उ. प्र. जे. पी.एस. राठौर का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री 04 जून 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 12:30 तक जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बहजोई मुख्यालय पर समीक्षा बैठक करेंगे। अपराह्न 12:30 बजे से 1 बजे तक प्रशासनिक समन्वय समिति (कोर कमेटी) का बैठक करेंगे।

### तेज झुलसाने वाली गर्मी बीमारियों को दस्तक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। तेज़ी से हो रहे मौसम के परिर्वतन से बुखार आदि के अलावा डायरिया ओर अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

भीषण गर्मी के प्रकोप बढ़ने के बाद भी तेज़ी से पैर पसार रही बीमारियों की रोकथाम की कोई व्यवस्था फिलहाल की जाना नज़र नही आ रही। जबकि सूर्य की किरणें का रौद्र रूप दिनों-दिन तेज़ होता जा रहा है। भयंकर गर्मी में विशेषतः ग्रामीण अंचल में रह रहे लोग अधिकांश विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल के आंकड़े तो नही लेकिन निजि नर्सिंग होम में गर्मी के कारण रोगों से पीड़ित बीमारों की संख्या खासी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोगों के फैलनें के कारणों ओर रोकथाम के लिए कोई कदम अभी भी नही उठाए जा सके हैं। क्षेत्र में बिक रहे नकली पैय पदार्थ और मिलावटी सामान के अलावा सड़े गल तथा बासी व दूषित सब्ज़ियों समेत अन्य खान-पान की चीजों की बिक्री रोकने के प्रयास भी नही किए गए। जबकि क्षेत्र में मिलावटी खाद्यय पदार्थों के अलावा नकली सामान की बिक्री चरम पर होने की सूचनाएं निरंतर मिल रही हैं, मगर इस सबके बावजूद स्वास्थ्य विभाग आंखे मूँदे किसी बड़े हादसे का इंतेज़ार कर रहा है।

### सख्त प्रावधान से हरे पेड़ों के कटान पर लग सकती है रोक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हरे-भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को दूषित करने वाले लकड़ी माफिया लचीली धारा की कार्यवाही का फायदा उठाते कटान में कोई संकोच नहीं करते है। जबकि कानून में संशोधन होन पर सख्त कार्यवाही का प्राधावन हो तो फिर हरे-भरे पेड़ों के कटान पर लगाम लग सकती है। दर असल बिना अनुमति अथवा हरे-भरे पेड़ों को काटने की भनक अथवा सूचना वन विभाग को मिल जाती है तो वह लकड़ी माफियों पर रिपोर्ट दर्ज करा देते है। मात्र 4/10 में लकड़ी माफियों पर रिपोर्ट दर्ज होते ही वन विभाग के कर्तव्य की इतिश्री हो जाती है। लचीली धारा में जुर्माने का भी प्रावधान है। लकड़ी माफिया जुर्माना अदा कर अपना बचाव साफ तौर पर कर लेते हैंजबकि वन विभाग भी जुर्माने की रकम वसूलकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है,जबकि लकड़ी माफियों पर कड़ी कार्यवाही हो तो इस पर लगा लग सकती है।

# डीपीआरओ कार्यालय में रिश्वत का वीडियो वायरल

- जिलाधिकारी ने एडीएम की अध्यक्षता में गठित की जांच कमेटी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डीपीआरओ कार्यालय में रिश्वतखोरी के वीडिओ वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में डीपीआरओ और एकाउंटेंट पर प्रधानों एवं कर्मचारियों को धमकाकर उनसे रिश्वत वसूली के आरोप हैं। रिश्वतखोरी की जांच को डीएम ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। सम्भल के डीपीआरओ एवं एकाउंटेंट के रिश्वतवसूली के वीडिओ बीते दिन वायरल हुए थे। कार और आफिस के अलग-अलग वीडिओ वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। डीपीआरओ पर रिश्वतखोरी की रकम से करोड़ों का फ्लैट एवं मंहगी गाड़ी खरीदने जैसे गंभीर आरोप हैं। मामले पर सीडीओ ने बताया कि डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई है। साक्ष्यों के आधार पर जांच कर डीएम को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।



# बादलों की लुका छिपी से भी नहीं गर्मी में राहत

- दिन भर जनमानस ने झेली गर्मी की तपिश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी से निजात पाने को लोग आसमान की तरफ टकटकी लगाये देख रहे लोगों को दिन भर भारी तपिश झेलनी पड़ी। भयकर गर्मी से परेशान जनमानस को बुद्धवार बादलों की लुका-छिपी से भी राहत नहीं मिल सकी।

गर्मी अपने का पारा रोज़ाना चढ़ता जा रहा हैं, जबकि बारिश का अभी दूर-दूर तक अता-पता नही है। बादलों की लुका छिपी से भी कुछ राहत मिलती दिखायी नहीं दे रही है। बुधवार को सुबह से धूप मं कुछ नमी रही लेकिन दिन का परा चढ़ने के साथ धूप की तेजी ने जनमानस को बेहाल करके रख दिया। हालांकि कुछ देर में बादल ओर चंद देर में ही एकदम साफ होते रहे। कुछ देर के लिए राहत दिलाने वाले बादलों के बीच छिपे सूरज की किरणों से फिर भयंकर गर्मी से दो चार होना पड़ जाता है। ऐसे में गर्मी से निजात पाने को लोग आसमान की ओर टकटकी लगाये देखते हैं,लेकिन बारिश के आसार नज़र नही आ रहे। बुद्धवार की सुबह से ही सूरज की किरणों के साथ दिन निकलते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। दोपहर तक तो भयंकर गर्मी ने आम जनमानस को बेहाल करके रख दिया। अचानक बादल छा जाने ओर सूरज छिप जाने से भयंकर गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो सका। सांय होने के बाद हालांकि तपिश कुछ कम हुई लेकिन गर्मी का असर पूरी तरह रहा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा साला आलम पुत्र मौ. हसन नि. आलम सराय सेंट मेरी विद्यालय के पास सम्भल गलत प्रवृत्ति का व्यक्ति है और आये दिन झगड़ फसाद करता रहता है।मैने उसे बहुत समझाया लेकिन आलम अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने व मेरी पत्नी मेराज जहां ने आलम से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता आलम से नहीं रहा है। बल्कि अपने किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ.नाजिम पुत्र मौ. फरीद**
नि. नूरूल इस्लाम मदरसे के पास हातिम सराय तह. व जिला सम्भल।

# पार्किंग संचालक से रंगदारी मांगने और फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र में पार्श्वनाथ प्लाजा परिसर स्थित पार्किंग संचालक से रंगदारी मांगने और फायरिंग करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना मझोला पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 1/2 जून की रात पार्श्वनाथ प्लाजा परिसर स्थित पार्किंग में कुछ लोगों द्वारा विवाद और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। सूचना मिलते ही थाना मझोला पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में पार्किंग संचालक नरेंद्र सिंह निवासी न्यू दुर्गा कॉलोनी, खुशहालपुर रोड, मीरपुर मझोली ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि शंकर शर्मा और उसके 10-12 साथियों ने पार्किंग संचालन के एवज में रंगदारी की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की तथा जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की। इस दौरान नरेंद्र सिंह और उनका सुरक्षा गार्ड बाल-बाल बच गए।तहरीर के आधार पर थाना मझोला में शंकर शर्मा और 10-12 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में थाना मझोला पुलिस टीम ने मंगलवार रात चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी की तलाश शुरू की।इसी दौरान पुलिस का सामना मुख्य आरोपी शंकर शर्मा पुत्र स्वर्गीय रमेश चंद निवासी चिड़िया टोला, लाइनपार थाना मझोला से हुआ। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे बनेंगे किसी दिन बड़े हादसे की वजह

**कांठ( शाह टाइम्स )** सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे किसी दिन बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं हालांकि इन खम्भों के कारण कई हादसे तो हो भी चुके है।बतादे की कैच की पुलिया से पेली बिश्नोई गांव तक महमूदपुर रजबाहा के किनारे प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण हुआ था लेकिन सड़क निर्माण से पहले इसके किनारे लगी बिजली की लाइन को नहीं हटाया गया था सड़क का चौड़ीकरण हुआ तो सड़क बिजली के खंभों तक पहुंच गई और यही खंबे हादसो की वजह बनने लगे रसूलपुर गांव की पुलिया से महेंद्र सिकंदरपुर तक इन खम्भों के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है और मुख्तियारपुर नवादा से पेली गांव के बीच भी यह खंबे किसी दिन बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं। सड़क निर्माण करते वक्त क्षेत्र के लोगों ने इन खम्भों को हटाकर पीछे लगाए जाने की मांग उठाई थी मगर उस वक्त ठेकेदार या किसी जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया और यह खंबे वहीं के वहीं खड़े रह गए क्षेत्र के लोगों ने एक बार फिर इन खम्भों को हटाकर सड़क से दूर लगवाए जाने की मांग उठाई है।



# अतिक्रमणकारियो की सड़कों पर सज रही दुकाने, ग्राहक परेशान

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अतिक्रमण कारियो की मनमानी के चलते मुख्य मार्ग पर जाम के हालात बने रहते है ई-रिक्शा चालको द्वारा सड़कों पर खड़ा करके सवारियां भरी जाती है जिसके कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजार में भी काफी दुकानदारों ने अपने सामने रोजाना की तरह ही फड लगबा कर प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान को ठेंगा दिखाया है। बतादे कि व्यापारियों की शिकायत के बाद हरकत में आए पुलिस एवं नगर पंचायत प्रशासन ने मुख्य मार्ग सहित मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटवाने का काम पहले किया था जिसे लेकर कुछ व्यापारियों ने विरोध भी जताया मगर पुलिस की शक्ति और अधिकारियों के आदेश के आगे किसी की एक न चल पाई थी। मगर अगले दिन से ही धीरे-धीरे अतिक्रमण सड़कों पर आने लगा।

हालांकि कुछ दुकानदारों ने अपना सामान लिमिट के अंदर रखा लेकिन काफी दुकानदारों ने बाहरी लोगों के फड लगबाकर प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान को ठेंगा दिखाने का काम किया।

लोगों ने ऐसे दुकानदारो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाने की मांग उठाई है।

# ग्राम थांवला में टीबी जांच एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 81 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के टीबी विभाग द्वारा ग्राम थांवला में विशेष स्वास्थ्य एवं टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में टीबी रोग की समय रहते पहचान कर मरीजों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना तथा लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान टीबी विभाग की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की तथा संदिग्ध मरीजों के एक्स-रे और अन्य आवश्यक परीक्षण कराए। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने भी सक्रिय सहयोग किया।

शिविर में कुल 81 लोगों के एक्स-रे किए गए, जिनमें से चार व्यक्ति टीबी के संदिग्ध (सस्पेक्ट) पाए गए। संदिग्ध मरीजों के नमूने लेकर आगे की जांच के लिए भेजे गए हैं, जबकि शेष सभी लोगों की रिपोर्ट सामान्य पाई गई। आरबीएसके टीम में डॉ. सीमा जिलानी, डॉ. पूजा, एएनएम जयंती मेहता, सुशील सिंह, राजू गौड़ तथा संतोष (एक्स-रे टेक्नीशियन) सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, वजन कम होना, बुखार या रात में पसीना आने जैसी शिकायत हो तो उसे तुरंत जांच करानी चाहिए। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की। शिविर के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।




## बीना बिश्नोई ने की सपा सांसद से मुलाकात



कांठ(शाह टाइम्स)। सपा महिला सभा की कांठ विधानसभा अध्यक्ष ने बदायूं के सांसद से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। समाजवादी पार्टी की महिला सभा की विधान सभा अध्यक्ष बीना बिश्नोई ने बदायूं के सपा सांसद आदित्य यादव से मिलकर उन्हें पुष्प बुके देखकर उनका स्वागत किया और आगामी 2027 को होने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में उनसे चर्चा करते हुए विधानसभा क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी दी। बि बिश्नोई ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी।

## गुरुवार को सलेमपुर क्षेत्र में लोगों को नहीं मिलेगी बिजली

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गुरुवार को दिन में सलेमपुर बिजली घर से जुड़े गांव को विद्युत आपूर्ति नहीं की जाएगी उक्त जानकारी उपखंड अधिकारी ने देते हुए बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक , 33/11 ज्ञट विद्युत उपकेंद्र सलेमपुर पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इस कारण सभी 11 ज्ञट पोषक की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी , उन्होंने उपभोक्ताओं और किसानो से विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर असुविधा के लिए सहयोग किए जाने का आह्वान किया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम से होगा पौधरोपण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने जनकल्याण अभियान के तहत पांच से 21 जून तक होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। विश्व पर्यावरण दिवस (पांच जून) को विभाग के सभी कार्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों, ईएसआई अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में एक पेड़ मां के नाम अभियान से पौधरोपण किया जाए। आठ से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत श्रम संहिताओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# विकास चौहान का भव्य स्वागत, शिक्षा पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** उत्तराखण्ड प्रदेश के पूर्व ऊर्जा विभाग के दायित्वधारी एवं अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युव जन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान के बिलारी आगमन पर स्थानीय सामाजिक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और सम्मान की पगड़ी पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। युवा एवं छात्र नेता कपिल राज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सभासद गजराम और युवा नेता कपिल राज के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आगमन पर विकास चौहान का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र से आए लल्लू राम तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी सम्मान किया गया। वहीं, देहरादून से पहुंचे बाल फिल्म कलाकार राघव चौहान को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राघव चौहान फिल्म बधाई दो में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ अभिनय कर चुके हैं, जिसके लिए उपस्थित लोगों ने उनकी उपलब्धि की प्रशंसा की। अपने संबोधन में विकास चौहान ने कहा कि बिलारी के लोगों द्वारा दिया गया सम्मान उनके लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक है। उन्होंने पूर्व सभासद गजराम, युवा नेता कपिल राज तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों और समाजहित के कार्यों में वह सदैव लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, एकता और सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार और युवा पीढ़ी में संस्कारों को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज में भाईचारा बढ़ाने तथा युवाओं को शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व सभासद गजराम, कपिल राज, लल्लू राम, जितेंद्र मास्टर, विजय, रोहतास, राघव चौहान, राजीव कुमार, डॉ. अशोक, संजीव, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, गुलशन, बहादुर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



# नियमित टीकाकरण सत्रों का चिकित्सा अधीक्षक ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मनकुला, थांवला और रुस्तमपुर खास में आयोजित टीकाकरण सत्र स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्य की प्रगति, स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं तथा लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने टीकाकरण कक्ष, वैक्सीन के रखरखाव, कोल्ड चेन व्यवस्था, लाभार्थियों के पंजीकरण तथा स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने टीकाकरण टीमों से कार्यक्रम के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि सभी सत्र स्थलों पर टीकाकरण कार्यक्रम निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होता पाया गया। वैक्सीन की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, स्वच्छता तथा लाभार्थियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए ताकि कोई भी पात्र बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, क्योंकि टीकाकरण विभिन्न गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग टीकाकरण कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। निरीक्षण के दौरान संबंधित एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## एलएनएस प्राचीन क्लब की आभार संध्या सम्पन्न, बहनों को उपहार देकर जताया आभार



**मुरादाबाद।** एल एन एस प्राचीन क्लब की आभार संध्या का आयोजन आज सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में धूमधाम से किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ डायरेक्टर सरोज गुप्ता, अंजू लोचब एवं प्रिया पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब डायरेक्टर अंजू लोचब ने किया। अध्यक्ष प्रीति कश्यप ने पूरे सत्र में सहयोग देने के लिए सभी बहनों का उपहार भेंट कर आभार व्यक्त किया। सेक्रेटरी सौम्या और बबीता गुप्ता ने सभी बहनों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। अलका, गुंजन और शोभना ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम में विजय पांडे, मौनी भटनागर, पल्लवी, भूमिका, सपना कश्यप, अंजना, शोभा गुप्ता, मृदुल दुबे सहित सभी सदस्यों ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# टीएमयू हॉस्पिटल की ओर से शवों के बेहतर संरक्षण को खुला मॉडर्न मोर्चुरी कोल्ड रूम

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों एवम् शोध स्टुडेंट्स के लिए बेहतर प्रशिक्षण और अध्ययन में साबित होगी मील का पत्थर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग की ओर से शवों के संरक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई अत्याधुनिक मोर्चुरी कोल्ड रूम का औपचारिक उद्घाटन हुआ। इस मोर्चुरी कोल्ड रूम में 15 से 20 शवों का संरक्षण 4-7 डिग्री सेंटीग्रेड पर किया जा सकता है। कोल्ड रूम के टेम्परेचर को मैनेज करने के लिए अब आईओटी बेस्ड अलर्ट की सुविधा है। मसलन समय-समय पर तापमान से जुड़ी अपटेड प्राप्त होती रहती है। आपातकाल में इससे शवों के संरक्षण में विशेष लाभ होगा। साथ ही जिले की सरकारी मोर्चुरी पर भी दबाव कम हो जाएगा।

यह सुविधा स्वास्थ्य और न्यायिक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी। मेडिकल डॉक्टरों एवम् शोध स्टुडेंट्स के लिए बेहतर प्रशिक्षण और अध्ययन में सहायक होगी। इस मौके पर मेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह,डीन प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी के एचओडी प्रो. प्रमोद डोडे, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रो. चिंटू चौधरी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा, टीएमयू आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवम् समाज को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा फोरेंसिक और मेडिको लीगल पर रचनात्मक पोस्टर प्रतियोगिता में एमबीबीएस स्टुडेंट्स ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए पुरस्कृत भी किया गया। संचालन एफएमटी विभाग की डॉ. रितुपर्णा जाना ने किया। शैक्षणिक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. सचिन और पीजी स्टुडेंट्स ने मॉक क्राइम सीन तैयार किया। इसमें पुतले को मृत शरीर के रूप में दिखाकर, लाल रंग से खून के धब्बे, क्राइम सीन-डू नॉट एंटर की पट्टियां, चाकू और पैरों के निशान जैसी बारीकियों को हूबहू दर्शाया गया। इस व्यावहारिक गतिविधि ने छात्रों में अपराध स्थल की जांच और फोरेंसिक व्याख्या के प्रति गहनता से समझाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। एचओडी प्रो. डॉ. प्रमोद डोडे ने राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए न्याय, सत्य और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में फोरेंसिक मेडिसिन के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। डॉ. पूजा हटवाल ने भारत में फोरेंसिक मेडिसिन के क्रमिक विकास और इतिहास से सभी को रूबरू कराया। कार्यक्रम में एफएमटी विभाग के प्रो. अभिषेक कुमार वार्ष्णेय, डॉ. आमिर शेख, डॉ. हर्ष के संग-संग पीजी स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे।





## बेदखली सूचना

मेरा सबसे छोटा पुत्र राजू व पुत्रवधू श्रीमती कविता को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **कुंदन कुमार पुत्र अर्जुन कुमार निवासी मोहल्ला पटेल नगर वार्ड संख्या 2 नियर गत्ता फैक्ट्री के पीछे थाना सिविल लाइंस, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मेरा सबसे छोटा पुत्र राजू व पुत्रवधू श्रीमती कविता को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। कुंदन कुमार पुत्र अर्जुन कुमार निवासी मोहल्ला पटेल नगर वार्ड संख्या 2 नियर गत्ता फैक्ट्री के पीछे थाना सिविल लाइंस , तहसील व जिला मुरादाबाद।

# क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर हुई 99,998 रुपये की ठगी, साइबर सेल ने पूरी रकम कराई वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद की साइबर क्राइम सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी की



फतेहपुर खास, ब्लॉक कुन्दरकी निवासी एक महिला को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने का झांसा दिया। बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला से बैंकिंग और कार्ड संबंधी गोपनीय जानकारी प्राप्त कर ली। इसके बाद साइबर ठग ने महिला के खाते से 99,998 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर

शिकार महिला के 99,998 रुपये शत-प्रतिशत वापस कराकर एक सराहनीय कार्य किया है। पीड़िता ने पूरी धनराशि वापस मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। जानक.ारी के अनुसार थाना मैनाठेर क्षेत्र के

कर लिए।ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने तत्काल साइबर क्राइम सेल मुरादाबाद में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में साइबर सेल की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बैंक और वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित किया।

त्वरित तकनीकी कार्रवाई के परिणामस्वरूप ठगी गई पूरी राशि पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई।साइबर सेल ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति को फोन, संदेश या सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बैंकिंग, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, ओटीपी, पिन या पासवर्ड संबंधी जानकारी साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा केवल सुरक्षित वेबसाइटों का ही उपयोग करें।पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत करने से ठगी गई धनराशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर सेल का संदेश हैख़ "जागरूक रहिए, सुरक्षित रहिए।

# जनपद में टीजीटी भर्ती परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण संपन्न, 25 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा का पहला दिन बुधवार को जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। जिले के



23 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 25 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा को नकल.विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने व्यापक इंतजाम किए थे।सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की गई। केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जबकि प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। इसके अलावा पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय तथा बैठने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की। अधिकांश परीक्षार्थियों का कहना था कि प्रश्नपत्र का स्तर संतुलित रहा और परीक्षा अपेक्षा के अनुरूप हुई। अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, जिससे वे पूरी एकाग्रता के साथ परीक्षा दे सके।कई अभ्यर्थियों ने कहा कि सामान्य ज्ञान, विषयगत प्रश्नों और शिक्षण क्षमता से जुड़े प्रश्नों का समुि.चत समावेश किया गया था। परीक्षा का माहौल शांत और अनुशासित रहा, जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिला। परीक्षार्थियों ने अच्छे परिणाम की उम्मीद भी जताई।जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली गई थीं। पहले दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया और आगामी चरणों की परीक्षाओं के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्थाएं बनाए रखने की बात कही।

## एक नजर

### विश्व साइकिल दिवस के अवसर युवाओं ने निकाली साइकिल रैली



**मुरादाबाद।** श्मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मुरादाबाद और संभल में स साइकिल जागरूकता विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्घाटन माय युवा भारत के जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर युवा अपने हाथों में नारे लिखी शक्तियों भी लिए हुए थे। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में युवाओं के द्वारा विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया संभल में माय हुआ भारत के जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने हरी झंडी दिखाने से पूर्व युवाओं को संबोधित करते हुए युवाओं से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा साइकिल का इस्तेमाल करें इससे जहां बचत होती है वहीं दूसरी ओर सेहत पर भी अच्छा असर पड़ता है।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना है।युवाओं ने बड़ी संख्या में साइकिल और जागरूकता पोस्टरों के साथ रैली में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नियमित साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संद.ेश जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक गुप्ता सुधीर कुमार, सतेन्द्र कुमार, सौरभ चंद्रसिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डाक सहायक की तलाश में जुटीं पुलिस टीमें धोखाधड़ी के नए मामले आ रहे सामने

**चन्दौसी।** शहर के डाकघर में तैनाती के दौरान कथित धोखाधड़ी के आरोपों में घिरे डाक सहायक दीपक कुमार के खिलाफ शिकायतों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बहजोई डाकघर में वर्तमान तैनाती के बावजूद उसके खिलाफ नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद गेट निवासी ललतेश वार्ष्णेय ने आरोपी डाक सहायक और उसके साथी के खिलाफ तहरीर देकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, उनके पति की 17 नवंबर 2024 को मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद वह चंदौसी डाकघर में खुले खाते का संचालन कर रही थीं। उन्होंने हर महीने तीन हजार रुपये जमा करने के लिए रकम दीपक कुमार और उसके साथी को दी थी। सोमवार को जब उन्होंने खाता चेक कराया तो उसमें जमा राशि नहीं मिली। महिला का आरोप है कि आरोपी डाक सहायक और उसके सहयोगी ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। बताया जा रहा है कि अब तक 20 से अधिक लोग सामने आ चुके हैं, जिन्होंने दो लाख रुपये या उससे अधिक की रकम के गबन या धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। सूत्रों के अनुसार, करीब 4.52 करोड़ रुपये खातों में जमा और निकासी से जुड़े लेनदेन की जांच चल रही है पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद न्याय की गुहार, एसएसपी से लगाई कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** थाना भोजपुर के गांव आदमपुर निवासीमहिला के अनुसार देवी पत्नी रामचरन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेज कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए अपने पुत्र की बाद में हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में महिला ने प्रार्थना पत्र में कहां की 30 मार्च 2026 को उसका पुत्र हीरा उसकी पुत्र व वधु सोनम बाइक से भोजपुर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के अनुसार उपचार के दौरान पुत्र व पुत्र वधु की हालत बिगड़ती गई और 2 अप्रैल 2026 को सोनम की कोठीवाल अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जबकि उसके पुत्र हीरा का उपचार चल रहा है । महिला का आरोप है कि दुर्घटना के संबंध में भोजपुर थाने में शिकायत करने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि मामले में कुछ लोगों द्वारा प्रभाव का इस्तेमाल कर कार्रवाई को प्रभावित किया जा रहा है। महिला का आरोप है किखाने में तैनात एक दरोगा ने उसके साथ अपार्द्रता करते हुएभगा दिया । पीड़िता ने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# चन्दौसी कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक बने संत कुमार, बोलेः पीड़ितों को मिलेगा न्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा जनपद के पुलिस महकमे में किए गए बड़े फेरबदल के तहत चन्दौसी कोतवाली को नया प्रभारी निरीक्षक मिल गया है। आरटीसी प्रभारी के पद पर तैनात रहे संत कुमार को चन्दौसी कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। बुधवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण करना होगी। उन्होंने कहा कि कोतवाली आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा और उसकी शिकायत को गंभीरता से सुनकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि



अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। संत कुमार ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। आम नागरिकों का विश्वास जीतकर पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि लोगों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिल सके। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बुधवार को जिले के 09 थानों में तैनात पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए चार नए निरीक्षकों और पांच थानाध्यक्षों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में संत कुमार को चन्दौसी कोतवाली की कमान सौंपी गई है। मूल रूप से जनपद मुजफ्फरनगर के निवासी संत कुमार वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे। विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने अपने अनुभव और कार्यशैली से पहचान बनाई है।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# संभल पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

## 9 थानों के प्रभारी बदले, 4 इंस्पेक्टर और 5 एसओ को नई जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बुधवार को जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 09 थानों में तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल के तहत चार नए इंस्पेक्टर और पांच थानाध्यक्षों को नई तैनाती दी गई है। पुलिस अधीक्षक के वाचक रहे संजय कुमार को थाना नखासा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, एसआ.ेजी प्रभारी बोबिंद्र कुमार शर्मा को थाना बनियाठेर की कमान सौंपी गई है। आरटीसी प्रभारी संत कुमार को चंदौसी कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। संभल कोतवाली में अपराध निरीक्षक रहे नरेश पाल को थाना धनारी का प्रभारी बनाया गया है। इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र सिंह को साइबर क्राइम थाना और पवनवीर सिंह राणा को एएचटीयू में तैनाती मिली है। मनोज कुमार वर्मा को एसओजी का नया प्रभारी बनाया गया है। थाना बबराला प्रभारी सौरभ त्यागी को रायसत्ती थाने की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि रायसत्ती प्रभारी निशांत कुमार राठी को बबराला भेजा गया है। सचिन कुमार को थाना कैलादेवी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा थाना धनारी प्रभारी अखिलेश प्रधान को प्रभारी आरटीसी बनाया गया है। थाना नखासा के प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह सोलंकी को पुलिस अधीाक का वाचक नियुक्त किया गया है। वहीं, थाना कैलादेवी प्रभारी राधेश्याम शर्मा और चंदौसी कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# तालाब में मिट्टी भराव का ग्रामीणों ने किया विरोध

## जल निकासी प्रभावित होने की जताई आशंका

**चन्दौसी।** सरकार जहां एक ओर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तालाबों के सौंदर्यीकरण, गहरीकरण और पुनर्जीवन का कार्य करा रही है, वहीं विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम छावड़ा में तालाब क्षेत्र में मिट्टी भराव किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में गाटा संख्या 380 एवं 379 राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज हैं। आरोप है कि पिछले दो दिनों से भगतपुर क्षेत्र के खेतों से बुल्डोजर के माध्यम से मिट्टी का खनन कर लगभग 20 से 25 ट्रालियों द्वारा तालाब क्षेत्र में डाली जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में लगातार मिट्टी भराव होने से उसका अस्तित्व समाप्त हो सकता है और वर्षा जल संचयन की व्यवस्था प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि तालाब का भराव जारी रहा तो बरसात के दौरान पानी की निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। गांव की नालियों का पानी भी तालाब में ही पहुंचता है। ऐसे में तालाब के भर जाने पर जलभराव की स्थिति पैदा होने की आशंका है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार तालाबों को आदर्श तालाब के रूप में विकसित कर रही है, ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ मत्स्य पालन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके। ऐसे में तालाब की भूमि पर मिट्टी डाले जाने की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

इस संबंध में हल्का लेखपाल सुमित ने बताया कि लगभग 5.30 बीघा भूमि तालाब के रूप में दर्ज है। वहीं कुछ भूमि कालीचरण आदि के नाम से भी दर्ज है। गाटा संख्या 380 एवं 379 ग्राम छावड़ा में मिल-जुमला खाते में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित स्थल पर खनन अथवा मिट्टी भराव के लिए किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त किए जाने की जानकारी नहीं है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर तालाब की भूमि को सुरक्षित रखने तथा जल संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं प्रशास.निक अधिकारियों की नजर अब इस मामले पर टिकी हुई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैनै अपने पुत्र मयंक त्यागी (20 वर्ष) को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मयंक त्यागी के द्वारा किए गए किसी भी आपराधिक कृत्य/लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जिससे मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई लेना देना नहीं होगा, आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का मयंक त्यागी से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती ममता त्यागी पत्नी स्व महेश त्यागी विकास नगर लाइनपार, जिला मुरादाबाद।
मोबाईल नम्बर- 8938826645

# जमीन विवाद में फर्जी हस्ताक्षर कर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कराने का आरोप, चौकी इंचार्ज पर भी गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भूमि विवाद को लेकर थाना डिलारी के गांव ढकिया पी रु निवासी महिला हाशमी जहां पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद हनीफ ने जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर फर्जी हस्ताक्षर कर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कराने, दबाव बनाने तथा पुलिस की मिलीभगत से उत्पीड़न किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। महिला ने शिकायत में बताया कि उनके पति का निधन हो चुका है। पति की मृत्यु के बाद पारिवारिक भूमि का आपसी सहमति से बंटवारा हो गया था और उन्होंने अपने हिस्से की भूमि पर बाउंड्रीवाल भी करा ली थी। भूमि संबंधी विवाद को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। आरोप है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष से जुड़े लोगों ने उन पर और उनके पुत्र पर समझौते का दबाव बनाया। महिला का कहना है कि समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया गया और बाद में उनके फर्जी हस्ताक्षर कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी गई। इतना ही नहीं, कथित रूप से उनके नाम से वकालतनामा भी प्रस्तुत कर दिया गया। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने न्यायालय में अपना पक्ष दाखिल किया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 22 मई को चौकी इंचार्ज एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ उनके खेत पर पहुंचे और उन्हें खेती करने से रोकते हुए अभद्र व्यवहार किया। शिकायत के अनुसार चौकी इंचार्ज ने उन्हें और उनके पुत्र को मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी तथा विवादित भूमि पर खेती न करने की चेतावनी दी। बाद में चौकी इंचार्ज और दूसरे पक्ष से जुड़े एक व्यक्ति के उनके घर पहुंचने तथा समझौते के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि विरोधी पक्ष के लोग लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे वह और उनका परिवार भय एवं मानसिक तनाव में जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने, धमकी देने तथा उत्पीड़न में शामिल लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अब्दुल्ला पुत्र शमशाद अपने रिश्तेदार रामनगर मंडी निवासी अरमान पुत्र सरताज के साथ बाइक से कादिर तिराहे से कमालपुरी चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक स्कूटी सवार महिला अचानक संतुलन खो बैठी और उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के गांव रायभूड़ निवासी दानिश पुत्र मोविन अपनी बाइक से ठाकुरद्वारा से गांव लौट रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपनी गाड़ी से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जनपद में तालाबों, चकमार्गों तथा अन्य सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील चन्दौसी, बहजोई और गुन्नौर क्षेत्रों में राजस्व एवं प्रशास.निक अधिकारियों की टीमों ने कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। जिलाधिकारी ने पूर्व में सभी उप जिलाधिकारियों, तहस.ीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जनपद में दो हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा उन पर हुए अवैध कब्जों को हटाकर भूमि को सुरक्षित किया जाए। साथ ही चकमार्गों और अन्य सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी अभियान के तहत उप जिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी के निर्देशन तथा तहस.ीलदार चन्दौसी रविन्द्र विक्रम के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ग्राम देवापुर में स्थित तालाब की भूमि पर



कार्रवाई की। यहां गाटा संख्या 543झ, रकबा 10.6 हेक्टेयर (लगभग 160 बीघा) भूमि की पैमाइश कराकर उस पर हुए अवैध कब्जे को हटाया गया और भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। वहीं तहसील बहजोई के ग्राम जैमलपुर में चारागाह भूमि गाटा संख्या 40 पर नायब तहसीलदार सतेन्द्र चाहर एवं रजत के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण हटाकर भूमि को मुक्त कराया। इसके अलावा तहसील गुन्नौर में उप जिलाधिकारी विकासचन्द्र के निर्देशन में अधिशासी अधिकारी बबराला, राजस्व निरीक्षक एवं उनकी टीम ने नगर पंचायत बबराला क्षेत्र में गाटा संख्या 595 की लगभग चार बीघा तालाब भूमि को कब्जामुक्त कराया। गुन्नौर तहसील के ग्राम गनूपुरा में भी राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तालाब की भूमि गाटा संख्या 135, रकबा 0.054 हेक्टेयर पर से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी चन्दौसी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सरकारी भूमि, तालाबों एवं चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट कहा कि सरकारी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इनके संरक्षण और अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

# चौधरी जयंत सिंह आज ठाकुरद्वारा में भरेंगे हुंकार

## रालोद की विशाल जनसभा की सभी तैयारियां पूरी



**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह आज (बृहस्पतिवार) नगर स्थित सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल जनसभा एवं रैली को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है तथा पूर्व विधायक विजय यादव के नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण करते हुए रालोद के वरिष्ठ नेता एवं अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र सिंह खजूरी ने पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में पहुंचाकर जनसभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक विजय यादव, उनके पुत्र अजय यादव तथा संजय यादव भी लगातार जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। रालोद कार्यकर्ताओं का दावा है कि जनसभा में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे, जिससे कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप लेगा। रालोद नेताओं के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में विशेष उत्साह है तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। पार्टी पदाधिकारियों ने जनसभा को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया है।

## विवेकानंद अस्पताल से वेव ग्रीन कॉलोनी तक क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण की मांग

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद महानगर के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट ने आज जिलाधिकारी से मिलकर विवेकानंद अस्पताल से वेव ग्रीन कॉलोनी एमडीए तक 24 मीटर रोड के पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाया। मनोज गुप्ता ने अवगत कराया कि विवेकानंद अस्पताल से वेव ग्रीन कॉलोनी तक स्थित 24 मीटर रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर लगभग एक वर्ष पूर्व सिविल लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया था और उसके बाद सड़क का निर्माण भी कराया गया था। किंतु निम्न गुणवत्ता के कारण यह सड़क अल्प समय में ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वर्तमान में सड़क पर अनेक स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग शहर का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। यहां अनेक विद्यालय, बैंक, बैंक्विट हॉल, सरकारी कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनियां स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों नागरिक और जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण अनेक दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए स्थिति और चिंताजनक है। थोड़ी सी वर्षा होने पर यह मार्ग जलमग्न हो जाता है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वर्षा से पूर्व इस सड़क का निर्माण करा दिया जाएगा।

## महिला से अश्लील हरकत और जातिसूचक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने महिला के साथ अश्लील हरकत करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइंस में 1 जून को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकत की, गाली-गलौच की तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे अपमानित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी वसीम पुत्र मोहम्मद जहीर निवासी हशमपुर चौराहा, थाना पाकबड़ा, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।थाना सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि महिलाओं और कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत

**भगतपुर।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव सिरसवां हरचंद मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों को सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, टांडा - बाजपुर मार्ग पर टांडा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने सिरसवां हरचंद मोड़ के पास बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही भगतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाइक सवार सोनू पुत्र भूरा, रहीम पुत्र हसीन और हुसैन पुत्र हसीन निवासी रामपुर भीला थाना मूंढापांडे सवार थे। उपचार के दौरान सोनू की मौत हो गई, जबकि रहीम और हुसैन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मृतक सोनू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिरसवां हरचंद मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## बरी चौराहे पर स्थित खाद बीज दुकानदार पर बीज में घटतोली का आरोप

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बरी चौराहा स्थित एक खाद बीज की दुकान पर दुकानदार द्वारा बीज में घटतोली करने का आरोप भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वारा लगाया गया है। शिकायत करने पर गाली गलौज व झगड़े पर आमादा होने पर थाना कुढ़फतेहगढ़ में पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे गुलशन मौर्य निवासी गांव पहली हरे चारे के लिए ज्वार (चरी) का बीज लेने के लिए बरी चौराहे पर वैष्णवी मौर्य खाद बीज भंडार की दुकान गये थे जहां दस किलोग्राम चरी का बीज खरीदा, किसान द्बारा वजन कम प्रतीत होने पर दूसरी जगह तौला तो सात किलो चरी निकली जिस पर गुलशन मौर्य ने दुकान पर जाकर फिर से वजन किया तो वहां दस किलोग्राम ही पाई गई। तौलने वाले कांटे में दस किलोग्राम में



सात किलो निकलने पर तीन किलोग्राम का अंतर पाये जाने पर गुलशन मौर्य ने शिकायत कर घटतौली का आरा. प लगाते हुए विरोध जताया तो दुक. ानदार द्बारा गाली गलौज करने व झगड़ा करने पर आमादा होने का आरोप किसान ने लगाया है। किसान गुलशन कुमार मौर्य (भाजपा युवा मोर्चा से मंडल उपाध्यक्ष) निवासी ग्राम पहली ने बरी चौराहे पर स्थित दुकानदार के खिलाफ कुढ़फतेहगढ़ थाने में तहरीर दी है। वहीं दुकानदार राजकुमार मौर्य का कहना है कि गलती से चरी का बीज दस किलोग्राम की जगह सात किलो चला गया था जिसे हम तीन किलो बीज और देने को तैयार थे परन्तु वह व्यक्ति कहासुनी करने लगा।

# अवैध अतिक्रमण पर सख्ती, बरसात से पहले नालों की युद्धस्तर पर सफाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम सभागार में सोमवार को अवैध अतिक्रमण की रोकथाम, वर्षा ऋतु से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर नगर आयुक्त श्री अजीत कुमार ने की। बैठक में उप नगर आयुक्त श्री रामपाल, सहायक नगर आयुक्त (प्रभारी अतिक्रमण), मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, समस्त कर निर्धारण अधिकारी, कर निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, अवर अभियंता सहित नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर सड़कों, नालों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को तत्काल चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समय रहते अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी अभियान चलाने पर जोर दिया गया, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वर्षा ऋतु को देखते हुए बैठक में जलभराव की समस्या पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर के सभी प्रमुख एवं छोटे-बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई युद्धस्तर पर कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नालों में गाद, कूड़ा-कचरा अथवा अन्य किसी प्रकार का अवरोध न रहे, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी सुचारु बनी रहे और शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की आशंका अधिक रहती है, वहां विशेष अभियान चलाकर नालों और नालियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। साथ ही सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों, नालों और नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें तथा शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग करें।

बैठक के अंत में नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर, अतिक्रमण मुक्त और जलभराव रहित बनाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा। अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारियों ने नगर आयुक्त के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

## परिवार परामर्श केंद्र में 24 मामलों की सुनवाई

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को चन्दौसी स्थित पिंक चौकी में केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवा. रिक विवादों को आपसी सहमति और समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक के दौरान कुल 24 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकमपाल सिंह एवं काउंसलरों की टीम ने दोनों पक्षों की बात सुनकर विवादों के समाधान का प्रयास किया। परामर्श और समझाइश के बाद चार परिवारों का पुनर्मिलन कराया गया, जिससे उनके वैवाहिक जीवन को नई शुरुआत मिल सकी।

## गागन पुल पर सड़क हादसे में नेपाल के दो युवक-युवती हुए गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र स्थित गागन ओवरब्रिज पर बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में नेपाल के महेंद्र नगर निवासी युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार नेपाल के महेंद्र नगर निवासी रोहन पुत्र कार्तिकेय और सपना पुत्री रमेश बाइक से बनबसा से आनंद विहार की ओर जा रहे थे। परिजनों के मुताबिक जब उनकी बाइक मैनाठेर थाना क्षेत्र के गागन ओवरब्रिज पर पहुंची, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर



गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। परि. जनों ने बताया कि रोहन और सपना किसी निजी कार्य से यात्रा कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने दुर्घटना की जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सामान्य कराया।

## व्यापार सभा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम प्रिंस वर्मा का किया स्वागत, नगर की समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश व्यापार सभा समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रति.



निधिमंडल ने नवागत एसडीएम प्रिंस वर्मा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। भेंटवार्ता के दौरान व्यापारियों ने नगर एवं क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। विधानसभा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने विशेष रूप से नगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम से व्यापारियों, राहगीरों और आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगरवासियों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था किए जाने का आग्रह किया। एसडीएम प्रिंस वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए नगर की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वा. सन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन पूरी संवे. दनशीलता के साथ कार्य करेगा तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान राजीव शर्मा, शिव कुमार सिंघल, डॉ. मासूम, फैजान, नगर पालिका सभासद शाहरुख, राशिद पन्ना, भारतीय किसान यूनियन टिकट के नगर अध्यक्ष जाकिर सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के साथ क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक चर्चा भी की।

## पीछे से आ रही पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक व पिकअप चालक सहित चार घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बेरनी से चन्दौसी जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को दोपहर समय लगभग साढ़े बारह बजे रतनपुर से सवारी लेकर जा रहे ई-रिक्शा में गांव राजथल में सार्वजनिक शौचालय के निकट बेरनी-चन्दौसी रोड़ पर पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी जिसमें ई-रिक्शा चालक खुशीराम पुत्र सुरेश कश्यप निवासी रतनपुर स्योंडारा तथा पीछे बैठी महिला बबीता उर्फ खेमवती पत्नी रोहतास निवासी सराय ज्वालापुरी तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पिकअप चालक गाड़ी को लेकर रोड से उतरकर चकरोड पर भाग गया और भागने पर चालक नियंत्रण खो बैठा और रास्ते में सराय ज्वालापुरी के निकट एक बडे से पेड़ से पिकअप टकरा गई और चालक घायल हो गया तथा पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को उपचार के लिए चन्दौसी निजी अस्पताल ले गए।

# बस स्टैंड पर डीएम का बड़ा एक्शन: जाम अतिक्रमण और गंदगी पर चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर को जाम, अतिक्रमण और गंदगी की समस्या से राहत दिलाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एडीएम सिटी, एसपी सिटी, एसपी ट्रैफिक, नगर निगम तथा रोडवेज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, साफ सफाई, जल निकासी तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टैंड क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम पर गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने रोडवेज बसों के संचालन को व्यवस्थित करने, पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने, ऑटो व ई-रिक्शा स्टैंड को सुव्यवस्थित करने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



अधिकारियों ने जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने पर भी मंथन किया।डीएम ने नालों और नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर निगम अधिकारियों को नियमित सफाई अभियान चलाने, जलभराव की समस्या रोकने और समयबद्ध तरीके से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और जीवन स्तर के लिए बेहद जरूरी है।पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, धूल प्रदूषण कम करने, ठोस कूड़ा प्रबंधन को मजबूत बनाने और स्वच्छता अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

प्रशासन द्वारा जल्द ही विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक अभियान चलाकर शहर की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## एक नजर

### अपनों से बिछड़ी वृद्धा को मिला परिवार भावुक हुआ वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा


**बिलारी।** मानवता और सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा ने एक बिछड़ी हुई वृद्ध महिला को उसके परिवार से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है। अपनों से मिलने की खुशी में वृद्धा



की आंखों से आंसू छलक पड़े और आश्रम का माहौल भावुक हो गया। जानकारी के अनुसार करीब दो माह पूर्व धनारी पाठकपुर क्षेत्र से भटककर एक वृद्ध महिला ग्वारखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंची थीं। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण वह अपना सही नाम और पता बताने में असमर्थ थीं। ऐसे में आश्रम के संस्थापक रोहन देव और उनकी टीम ने महिला को आश्रय देते हुए मां का सम्मान दिया तथा उनकी समुचित देखभाल की। आश्रम में रहने के दौरान महिला से लगातार धैर्यपूर्वक बातचीत की गई। काफी प्रयासों के बाद उन्होंने अपने परिवार से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इन जानकारियों के आधार पर खोजबीन शुरू की गई, जिसके बाद उनके परि. जनों तक पहुंचना संभव हो सका। सोमवार को महिला के भतीजे मेघराज कुशवाहा वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा पहुंचे। पहचान और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद वह अपनी बिछड़ी हुई मां को अपने साथ घर ले गए। लंबे समय बाद परिवार से मिलन का यह भावुक क्षण वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर गया। इस अवसर पर रोहन देव ने कहा कि किसी बिछड़े हुए व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाना जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। उन्होंने कहा कि वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा का उद्देश्य केवल बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय देना ही नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और अपनापन प्रदान करना भी है। आश्रम आगे भी मानव सेवा के इसी मिशन को पूरी निष्ठा के साथ जारी रखेगा। उन्होंने समाज से भी अपील की कि बुजुर्गों का सम्मान करें और उन्हें कभी अकेला महसूस न होने दें। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि सेवा, संवेदना और मानवता की भावना आज भी समाज में जीवित है तथा ऐसे प्रयास लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाने का कार्य करते हैं।

### किसानों के भुगतान और कथित अनियमितताओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने लक्ष्मी जी शुगर मिल, बिलारी के खिलाफ किसानों के बकाया भुगतान एवं विभिन्न कथित अनियमितताओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों का गन्ना भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाना चाहिए, लेकिन लक्ष्मी जी शुगर मिल पर किसानों का लगभग 20 करोड़ रुपये का भुगतान अभी भी बकाया है। इससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शुगर मिलों को सहायता और अनुदान उपलब्ध



कराया जाता है, लेकिन उसका लाभ किसानों तक नहीं पहुंच रहा है। संगठन ने शुगर मिल प्रबंधन पर शासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर गन्ना बीज बेचने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन ने प्रेसमड के वितरण में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। ज्ञापन के अनुसार सरकार द्वारा किसानों को कम दरों पर उपलब्ध कराई जाने वाली प्रेसमड को कथित रूप से निजी स्तर पर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। इसके अलावा किसानों के गन्ने में फैल रही रेड रॉट, स्मट, विल्ट और ग्रासी शूट डिजीज जैसी बीमारियों से राहत दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की गई है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि शुगर मिल प्रबंधन द्वारा बड़ी संख्या में किसानों के गन्ने को रिजेक्ट करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान यूनियन ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाकियू (टिकैत) ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन किसानों के साथ मिलकर शुगर मिल अथवा प्रशासनिक कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। ज्ञापन में रनवीर सिंह तहसील अध्यक्ष बिलारी, मोहित चौधरी, नवजीत चौधरी, अनीस अहमद, माजिद हुसैन, प्रेमपाल सिंह, राजकुमार यादव, डॉ रेहान पाशा समेत भारी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनगणना में कांठ तहसील का कार्य सराहनीय जनपद में पाया पहला स्थान

**कांठ (शाह टाइम्स)।** शासन के निर्देश पर जनगणना 2027 के अंतर्गत 22 मई से मकान सूचीकरण का कार्य प्रगति पर है जो 22 जून तक चलेगास खबर लिखे जाने तक तहसील कांठ में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 62.3% पूर्ण हो चुका है जो की जिले की अन्य तहसीलों के




मुकाबले सर्वाधिक है। तहसील कांठ में कुल एचएलबी 515 है जिनमें से 321 एचएलबी में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 194 एचएलबी में कार्य प्रगति पर है। नगर पंचायत उमरी कला में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 44.4% पूर्ण हो चुका है। नगर पंचायत कांठ में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 32.8% पूर्ण हो चुका है नगर पंचायत अगवानपुर में मकान सूचीकरण का कार्य सिर्फ 4.5% ही पूर्ण हो पाया है नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा में मकान सूचीकरण का कार्य 7.5% ही पूर्ण हो पाया है। तहसील बिलारी में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 46.8 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है नगर पालिका परिषद बिलारी में मकान सूचीकरण का कार्य लगभग 28.3 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

### वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुकत धीरेन्द्र पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम राजथल थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना पुलिस द्वारा अन्य अभियोग में वारंटी अभियुक्त इमरान पुत्र मुन्ने खां निवासी मौ0 वारिसनगर थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया गया।



# चांदपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों से खुलेआम अवैध वसूली

## डूडा में भ्रष्टाचार पर नहीं लग पा रहा अंकुश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** केंद्र सरकार के द्वारा गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना में सफेदपोश दलालों का पूरी तरह से कब्जा है। डूडा में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

वैसे तो प्रधानमंत्री आवास योजना में पूरे जनपद में भ्रष्टाचार खुल कर हो रहा है। गरीबों से तीस हजार रुपए से लेकर 80 हजार रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। अगर किसी लाभार्थी की पात्रता में कोई कमी निकल जाती है, तो वसूली की राशि बढ़ जाती है। सूत्रों का कहना है कि सबसे ज्यादा अवैध वसूली चांदपुर में हो रही है। चांदपुर में चर्चित चेहरे दबंगई के बल पर अवैध वसूली कर रहे हैं। जिसमें एक चेहरा कुछ ज्यादा ही चर्चाओं में है। गंभीर बात यह है कि महिलाएं भी अवैध वसूली में लिप्त है। इनके द्वारा लाभार्थियों को धमकाया जाता है कि अगर रिश्वत नहीं दी, तो उनकी किश्त नहीं आएगी। इन महिलाओं की पहुंच डूडा के बिजनौर कार्यालय में है। डूडा का बिजनौर कार्यालय पहले से ही तमाम तरह की सेवाएं लेने के लिए चर्चित रहा है। यहां पर बैठने वाले अधिकारियों पर पूर्व में तमाम तरह के आरोप लग चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद सुधार नहीं आ पा रहा है। जनपद के वरिष्ठ अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं कर पा रहे हैं। इनके द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। जिसकी वजह से गरीब रिश्वत देने को मजबूर है। अगर वह रिश्वत नहीं देता है, तो किश्त नहीं आती है। चांदपुर में दलालों ने अपने रेट बांध रखे हैं। दलालों ने अपने एजेंट भी छोड़ रखे हैं। सूत्रों का कहना है कि चर्चित महिला दलाल हर हथकंडे अपना रही है। साथ ही नगीना, बिजनौर, नहटौर, स्योहारा में भी गरीबों का हक मारा जा रहा है। अहम बात यह है कि निर्माण सामग्री काफी महंगी हो चुकी है। आवास निर्माण के लिए जो रकम मिलती है, उसमें तो आवास बन ही नहीं सकता है। ऊपर से रिश्वत में मोटी रकम चली जाती है।

ऐसे में लाभार्थियों को अपने पास से भी रकम लगानी पड़ती है। जो पात्र बेहद गरीब है, उन्हें तो इस योजना का लाभ ही नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि न तो उनके पास रिश्वत देने के लिए रकम है और न ही बाद में आवास का काम पूरा कराने के लिए अपने पास से लगाने के लिए कोई जमापूंजी है। वरिष्ठ अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक इस पर संज्ञान लेना चाहिए। साथ ही दलालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए।

# गंगा नदी में नहाने के दौरान दो युवक डूबे

## गोताखोरों ने बरामद किए शव

**सुनील पाल**

**मंडावर।** चंडीगढ़ से अपने गांव ईद मनाने आए दो युवक गंगा नदी में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों के शव निकलवाए। मृतकों के परिवार में इस घटना से कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर को थाना क्षेत्र की बालावाली चौकी के समीप गंगा नदी के पुल के पास ग्राम गोपालपुर भरुका निवासी कुछ युवक भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नहाने गए हैं। इस बीच गंगा में नहा रहे दिलशाद पुत्र फानूस व शहबाज पुत्र शाहिद निवासी गोपालपुर गहरे पानी में चले गये। इस बीच वह गहरे पानी में डूब गये। उन्हें डूबता देख कर उनके अन्य साथियों ने शोर मचाया और चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आनन फानन में स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर दोनों डूबे युवकों की तलाश कराई। सबसे पहले शहबाज का शव बरामद हो गया। जिसे परिजन आनन फानन मे उत्तराखण्ड के रायसी में डॉक्टर के पास ले गये। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक दिलशाद का शव भी बरामद हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों युवक चंडीगढ़ में फर्नीचर का काम करते थे। ईद मनाने के लिए अपने घर आए हुए थे। गंगा नदी में नहाना उनके लिए मौत का सबब बन गया। भीषण गर्मी के मौसम में नदी में नहाने के दौरान इस तरह के हादसें होना आम बात है। लेकिन इसके बावजूद युवक बाज नहीं आ रहे है।

# सीएम से पूर्व सांसद रवि की मुलाकात

## प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर के पूर्व भाजपा सांसद एवं दलित समाज के प्रखर नेता शीशराम सिंह रवि ने आलमपुर गांवड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। दोनों के बीच आत्मीय अभिवादन हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व भाजपा सांसद एवं प्रखर दलित नेता शीशराम सिंह रवि लगातार सक्रिय रहकर भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहे है। उन्होंने अफजलगढ़ क्षेत्र के आलमपुर गांवड़ी में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया एवं जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौजूद थे।

पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि ने कहा कि प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है और अपराधों पर अंकुश लगा है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और विपक्षी दलों के अलग-अलग चुनाव लड़ने का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा।

# जूता कारोबारी के घर ईडी का छापा

## साढ़े सात घंटे चली कार्यवाही के दौरान कड़ी सुरक्षा






**शेख मौहम्मद यूसुफ**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने एक जूता कारोबारी के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही ग्राम में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई और लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े छह बजे हरियाणा नंबर की तीन गाड़ियों में सवार ईडी की टीम ग्राम मीरापुर मोदीवाला निवासी हाजी मौहम्मद अली के घर पहुंची। हाजी मौहम्मद अली जूते के थोक कारोबारी और इज्जतदार सम्मानित व्यक्ति बताए जाते हैं। टीम में छह महिला एवं पुरुष अधिकारी मौजूद थे। उनके साथ सीआरपीएफ के आठ जवान भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहे। ईडी ने पूरी कार्रवाई को गोपनीय बनाए रखा। टीम ने घर के मुख्य द्वार को बंद कर अंदर जांच शुरू की। बताया जाता है कि स्थानीय एचडीएफसी बैंक, अफजलगढ़ तथा एसबीआई शाखा भिक्कावाला के बैंक कर्मियों को भी मौके पर बुलाकर खातों एवं वित्तीय लेन-देन संबंधी जानकारी जुटाई गई।

ग्रामीणों के अनुसार हाजी मौहम्मद अली का एक बेटा इंग्लैंड में नौकरी करता है, जबकि दो बेटे मोनिश और जीशान पारिवारिक कारोबार में सहयोग करते हैं। एक अन्य पुत्र अनस अभी शिक्षा ग्रहण कर रहा है। सूत्रों के अनुसार जांच का संबंध विदेशों में रोजगार के लिए गए कुछ युवकों और कथित वित्तीय अनियमितताओं से जोड़ा जा रहा है। हालांकि ईडी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। वहीं कुछ ग्रामीण इस कार्रवाई को राजनीतिक द्वेषवश की गई शिकायतों से जोड़कर भी देख रहे हैं। छापेमारी के दौरान थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था संभाले रहे। टीम ने लगभग साढ़े सात घंटे तक कारोबारी के घर में मौजूद रह कर विभिन्न पहलुओं की जांच और दस्तावेजों की पड़ताल की। जिसके बाद टीम वापस लौट गई। फिलहाल ईडी की कार्रवाई के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे छापेमारी के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। सूत्रों का कहना है कि ग्राम के ही कुछ लोग उनसे रंजिश रखते है। चर्चा है कि उनके द्वारा आगामी पंचायत चुनाव लड़ने से इस परिवार को रोकने के लिए जगह-जगह शिकायतें की गई है।

# ट्रैक्टर में पीछे से घुसी कार, दंपति गंभीर घायल

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। ग्राम मारकपुर के सामने एक बेकाबू कार ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के बाद ट्रैक्टर पलट गया, जबकि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। बढ़ापुर थाना क्षेत्र निवासी ट्रैक्टर चालक अपने वाहन से कोतवाली देहात की तरफ से नजीबाबाद जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी अधिक थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। दुर्घटना में कार में सवार बरेली निवासी जसमीत कौर और मजेंद्र कौर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को हादसे में गंभीर चोटें आईं। वहीं ट्रैक्टर चालक को मामूली चोटें आने की सूचना है। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार अत्यधिक तेज गति से चल रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। प्रारंभिक जांच में भी तेज रफ्तार को दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार: राशिद

## बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम टांडा माईदास में स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** सपा के प्रदेश सचिव राशिद राईन एड. ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई एवं बढ़ते अपराधों की वजह से आगामी चुनावों के बाद स्पष्ट बहुमत के साथ अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राशिद राईन एड. आज दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टांडा माईदास स्थित सरफराज प्रधान के आवास पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राशिद राईन एड. ने दावा किया कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह राजनीतिक दल है, जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। पार्टी की नीतियां शिक्षा, रोजगार, किसानों, युवाओं, व्यापारियों और कमजोर वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस बार किसी भी प्रकार के बहकावे या भ्रम में न आएं और एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान भागीदारी का आंदोलन है। जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं और आम जनता महंगाई से परेशान है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली थी। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की गई थीं। आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी तथा विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर जनसमर्थन जुटाएगी।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिला। उपस्थित नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों से जोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश सचिव शारिक सुल्तान, शादाब राईन, सलमान अंसारी, दिलशाद कुरैशी, सन्नवर अहमद, अदनान जैदी, शकील अहमद, दानिश अली, शहजाद अहमद, फैज आलम, असलम, खालिद अहमद, अंजार राईन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### ब्रजेश की सम्पत्ति की जांच की मांग



**बिजनौर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने जिलाधिकारी को पत्र देकर सीएचसी समीपुर (नजीबाबाद) में अटैच संविदाकर्मी ब्रजेश कुमार व उसकी पत्नी सोनम को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर के लिए रिलीव करने और ब्रजेश कुमार की आय से अधिक संपत्ति तथा उसके क्रियाकलापों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ब्रजेश कुमार की नियुक्ति लगभग चार वर्ष पूर्व स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में नर्सिंग सहायक आउटसोर्स के पद पर हुई थी। लेकिन ब्रजेश कुमार तभी से अपने को नजीबाबाद में अटैच कराए हुए हैं। इसी तरह ब्रजेश कुमार की पत्नी सोनम की वार्ड आया के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में नियुक्ति हुई थी, लेकिन वह भी नजीबाबाद में अटैच है। 18 मई, 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर के कार्यालय से दोनों पति-पत्नी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर स्थानांतरित कर दिया गया था। लेकिन 15 दिन भी जाने के बाद दोनों को अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद से रिलीव नहीं किया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा ब्रजेश कुमार और उसकी पत्नी सोनम को अभयदान दे दिया गया है, जो परोक्ष रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना प्रतीत होता है। 14 मई को सीएससी नजीबाबाद पर नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें ब्रजेश कुमार ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेशों की अवहेलना की थी और उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ब्रजेश कुमार की संविदा समाप्त करने के लिए पत्र भेजा गया था। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्यवाही नहीं की और सिर्फ स्थानांतरण हल्दौर के लिए कर दिया। उस आदेश पर भी 15 दिन बाद अमल नहीं हुआ। ब्रजेश कुमार के द्वारा अवैध तरीके से आय से अधिक संपत्ति जमा की हुई है और उसके द्वारा नजीबाबाद नगर और क्षेत्र में लाखों रुपया लोगों को कर्ज दे रखा है और वह ब्याज का कारोबार बड़े पैमाने पर करता है। यह भी ज्ञात हुआ है कि ब्रजेश कुमार और उसकी पत्नी सोनम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में ब्रजेश कुमार की पकड़ मजबूत है। इसलिए वह नजीबाबाद में जमा हुआ है। आज तक धामपुर स्वास्थ्य केंद्र में ब्रजेश कुमार को नहीं भेजा गया है, जहां पर 100 बैड के अस्पताल में उसकी तैनाती है।

### मुस्सेपुर में बांटे गए कृत्रिम अंग



**नजीबाबाद।** दिव्यांग मुक्त भारत की दिशा में आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर ने महावीर सेवा सदन के सहयोग से एक बड़ी पहल की। दो और तीन जून को संस्थान में विशाल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी चिदानंद का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कैंप में दिव्यांगजनों को कैलीपर, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। एक लाभार्थी महिला ने कृत्रिम हाथ लगते ही तुरंत सिलाई मशीन चलाकर दिखाया, जिससे वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। आर्य सुगंध संस्थान का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शिक्षित करना, पालन-पोषण करना, वोकेशनल ट्रेनिंग देना, आत्मनिर्भर बनाना और उनमें आशा का संचार करना है। संस्थान की पूरी कमेटी तन-मन से सेवा में तत्पर रहती है। इस कैंप में उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश, अध्यक्ष सुंदर कुमार गोयल, प्रबंधिका कमलेश आर्या, प्रधानाचार्या गर्जना आर्या, गगन आदि का विशेष सहयोग रहा। डॉक्टरों की टीम में चौधरी संतोष, सुश्री रिया, जुमा घोष, रामचंद्र शाह, इसराफिल खान एवं अन्य सहायक उपस्थित रहे। संचालिका कमलेश आर्या ने कहा कि ऐसे कार्य आप सभी के सहयोग से ही सफल हो पाते हैं। उन्होंने सहयोगियों और टीम का धन्यवाद किया। कैंप का लाभ बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने उठाया।

## एक नजर

### ऐतिहासिक गिरजा घर में शूटिंग



**राजा का ताजपुर।** प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरु रंधावा ने बीती रात प्रसिद्ध ऐतिहासिक गिरजा घर के परिसर में अपने नए गीत की शूटिंग की। गायक अपनी पूरी टीम के साथ करीब दस घंटे तक गिरजा घर में परिसर में रहें। मशहूर गीत **तू मेरी रानी सूट बूट** और अन्य लोकप्रिय गीतों से पहचान बनाने वाले गुरु रंधावा ने गिरजा घर परिसर के विभिन्न स्थानों पर नए गीत के दृश्य फिल्माए। फिल्म के निर्देशक महावीर सिंह तथा प्रोडक्शन मैनेजर अंकित देशवाल ने बताया कि लगभग साढ़े तीन मिनट के गीत की आंधी शूटिंग पहले पंजाब के पटियाला में की जा चुकी है। जबकि शेष भाग की शूटिंग ताजपुर के ऐतिहासिक चर्च परिसर में की गई है। उन्होंने बताया कि यह शूटिंग ताजपुर के राजा के आखिरी वंशज कुंवर राजा इंद्रजीत सिंह के सहयोग से संभव हो सकी है। निर्देशक और टीम के सदस्यों ने गिराजा घर परिसर की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण की सराहना की। अभिनेत्री चाहत ने भी परिसर की सुंदरता की तारीफ की। ताजपुर के गिरजा घर की पहचान एक मौहब्बत की निशानी के तौर पर है। इस गिरजा घर को देखकर आगरा के ताज महल की याद आती है।

### फ्यूचर राइड का उद्घाटन



**नूरपुर।** फ्यूचर राइड मोटर्स के नवीन इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का आज मुरादाबाद रोड पर भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। प्रतिष्ठान की स्वामिनी श्रीमती मनीषा राजपूत हैं। उद्घाटन अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) अखिल सिंह एवं नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) भूपेश पुनेरा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि फ्यूचर राइड मोटर्स जैसे प्रतिष्ठानों की स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा लोगों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में गौरव चौहान, नईम अहमद, शहजाद अहमद, फहीम अहमद, इमरान अहमद, शाहिद हुसैन, शुभम कुमार, दिलशाद प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### नफीस मंसूरी महासचिव नियुक्त



**नूरपुर।** भारतीय मंसूरी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश की कार्यकारिणी की संस्तुति पर न्यू हैवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक नफीस अहमद मंसूरी को भारतीय मंसूरी समाज के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युसूफ मंसूरी ने कहा कि नफीस अहमद मंसूरी को यह पद उनकी मेहनत, योग्यता, समाजसेवा व लगन को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश नफीस अहमद मंसूरी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मंसूरी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। मंसूरी समाज को मजबूत व संगठित करने के लिए सबको साथ लेकर चलेंगे। मंसूरी समाज के प्रति अकीदत रखते हुए संगठन को मजबूत करने का अथक प्रयास करेंगे। साथ ही मंसूरी समाज की सेवा करते हुए संगठन के नियमों का पालन करेंगे। इस मौके पर अफजाल मंसूरी, शफीक मंसूरी, दिलशाद मंसूरी, शफीक मंसूरी जिला अध्यक्ष संभल, हाजी एहसान मंसूरी, सोनू मंसूरी, नईम मंसूरी, मौहम्मद उमैर राही, यामीन मंसूरी, शहजाद मंसूरी, सरताज मंसूरी, अली हसन मंसूरी, जाकिर हसन, राशिद हुसैन, प्रोफेसर जावेद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# इच्छाशक्ति का अभाव

इसे विडम्बना ही कहा जा सकता है कि बड़े हादसों के बावजूद सबक न लेने की परिपाटी जड़ पकड़ रही है। राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव भी इस परिपाटी को खत्म करने की बजाए बल दे रहा है। देश के तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और महाराष्ट्र राज्यों में अवैध शराब के सेवन से सामूहिक मौत की कई घटनाएं हो चुकी हैं। साल 2015 की मालवणी घटना के बाद, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गये थे, व्यवस्थागत सुधार के आधिकारिक वादे किये गये जो कभी पूरी तरह अमल में नहीं आये दृ न तो वहां न ही कहीं और। पिछले हफ्ते पुणे-पिंपरी-चिंचवाड़ त्रासदी सामने आयी, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पीड़ित गरीब मोहल्लों में रहने वाले कामगार तबके के लोग हैं। प्रारंभिक जांच में कामचलाऊ से कहीं बेहतर सप्लाई चेन का पता चला है। औद्योगिक ग्रेड का मेथनाल (वह जहर जो ज्यादातर कच्ची शराब त्रासदियों के लिए जिम्मेदार होता है) राज्य के बाहर से लाया गया और तगड़ी देशी शराब बनाने के लिए उसे एथनाल में मिलाया गया। लाइसेंसी अल्कोहल की मांग को भारी राज्य करों का सामना करना पड़ता है, जिससे निम्न-आय वाले लोग अवैध शराब की ओर मुड़ते हैं। दूसरी तरफ, औद्योगिक मेथनाल मिलाने से नगण्य इनपुट लागत पर बैच की मात्रा काफी बढ़ जाती है, जिससे नफे में जबरदस्त अंतर आ जाता है। हालांकि, जांच से गुजर रहे कुछ लोगों ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा है कि अपने ग्राहकों' को जहर देना नियमित विक्रेताओं के हित में नहीं है। फिर भी, ऐसी गति. विधियां अमूमन अर्ध-दृश्यमान स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं होती हैं जो गोपनीयता से ज्यादा प्रशासकीय सहिष्णुता के बूते चलती हैं और इसलिए पुलिस व स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत के आरोपों की जांच जरूर होनी चाहिए। अधिकांश जानलेवा घटनाओं के बाद शुरुआती कानून प्रवर्तन में केवल खुदरा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया जाता है, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं और कथित सरगनाओं के मामले में जांच अक्सर असमान नतीजों वाली या अनिर्णायक साबित हुई है। वास्तव में, इन त्रासदियों की पुनरावृत्ति इसलिए होती है कि तबाही के कारक बार-बार साथ आ पाने में सक्षम होते हैं। फैक्ट्रियों से निकलने के बाद मेथनाल के इस्तेमाल पर नजर रखने की कोशिशों में एक बड़ी नियामकीय चूक यह है कि कितनी आसानी से इसे चुराकर अवैध शराब के लिए भेज दिया जाता है। ज्यादातर पीड़ित दिहाड़ी मजदूर होते हैं और विद्वानों का तर्क है कि शारीरिक श्रम से पैदा थकान सस्ती राहत की मांग पैदा करती है, जो जहरीले पदार्थों के प्रति सतर्कता पर भारी पड़ती है। इसमें आर्थिक अनिश्चितता और लत भी भूमिका निभाती हैं। चूंकि पीड़ित अक्सर हाशिए के समुदायों के होते हैं, इस चक्र को तोड़ने की खातिर जरूरी सुधारों (जिसमें मेथनाल का बेहतर हिसाब रखना और वहनीय अल्कोहल विकल्प शामिल हैं) को लागू करने के लिए लगातार-बरकरार राजनीतिक इच्छाशक्ति का अक्सर अभाव होता है।

## आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते आदिवासी



जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा, अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल- मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे, इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी, आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं, उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा, लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

(सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003)

# दरगाह बघरा है एकता की प्रतीक

## चार दिन तक चलने वाली मजलिसों में शामिल होंगे लाखों जायरीन

**यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात कापफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया।**



**दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबर्रुक बांटते देखे जा सकते हैं, मजलिस कार्यक्रम के साथ यहां के आल इंडिया मुशायरे में पूरे देश के शायर शिरकत करते हैं, इस भव्य दरगाह की देखरेख एक रजिस्टर्ड कमेटी अंजुमन-ए-आरफी करती है।**

प्रत्येक वर्ग के लोगों को एक कड़ी के रूप में पिरोकर धार्मिक सौहार्द्र व भाईचारा बनाने में जितनी अहम भूमिका विभिन्न स्थानों पर स्थित दरगाह व मजार निभा रहे हैं। उससे देश-विदेश में एक मिसाल कायम हो रही है। ऐसे स्थानों पर जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि धर्मों के लोगों का संगम देखा जा सकता है।

यहां जिला मुख्यालय में 12 किलोमीटर दूर शामली मार्ग, बघरा में स्थित दरगाह आलिया हजरत अब्बास बाबुल हवायज बघरा किसी परिचय की मोहताज नहीं है। धार्मिक सौहार्द्र के प्रतीक के रूप में मशहूर इस स्थान पर विभिन्न समुदाय के लोग मन्नत-मुरादें मांगने के लिए पहुंचते हैं। शिया समुदाय के विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल के रूप में प्रसिद्ध दरगाह में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सालाना मजलिसों में देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। मुगल बादशाह हुमायूं के शासनकाल में राजा भगीरथ द्वारा बसाई गई यह बस्ती बघरा के नाम से जानी जाती है। यहां बस स्टेंड पर स्थित दरगाह के बारे में मान्यता है कि शिया समुदाय के बहुचर्चित मौलाना फरजंद अली के इराक स्थित करबला में मुहम्मद स0 अ0 के नवासे इमाम हुसैन की कब्र से पवित्र मिट्टी लाकर बघरा स्थित इस बाग में दफन की थी, जहां फिल्हाल यह दरगाह स्थित है। इसी बाग में पहले से ही ताजिए दफन किए जाते थे।

दरगाह की उत्पत्ति भी एक विचित्र ढंग से हुई, यहां का इतिहास बड़ा रोचक है। 13 अप्रैल 1963 की शाम लगभग पांच बजे निकटवर्ती गांव सैदपुरा का असगर त्यागी नाम का युवक खेतों में पशु चरा रहा था, तभी एक नकाबपोश घुड़सवार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बीच घुड़सवार नकाबपोश की ठोकर असगर के मुंह पर लगी, जिससे असगर 40 कदम दूरी पर जा गिरा व बेहोश हो गया। यह खबर बघरा व सैदपुरा गांव में आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों में सैंकड़ों लोग वहां पहुंचे, जहां असगर बेहोश पड़ा था। यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात काफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया। धीरे-धीरे इस छोटे से रोजे ने अब विशाल दरगाह का रूप धारण कर लिया है। देश-विदेश से प्रतिवर्ष लाखों जायरीन यहां पहुंचते हैं और मन मांगी मुराद पाते हैं। दरगाह की प्रमुख खासियत यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना इस्लाही मजलिस कार्यक्रम है। जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन शिरकत करते हैं। मजलिसों में इस्लाम का ज्ञान रखने वाले बुद्धिजीवी करबला की घटनाओं का सजीव वर्णन करते हैं। प्रतिवर्ष करबला का साक्षात दृश्य दिखाने के लिए मैदान भी दर्शाया गया है। दरगाह पर जियारत के लिए आने वाली हस्तियों का जमावड़ा भी यदाकदा देखा जा सकता है। यहां पर काफी समय पहले केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, स्व. फूलन देवी, सोनिया गांधी के पुत्र व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी सहित अनेक हस्तियों ने यहां पहुंचकर मन्नत मांगी और मन्नत कबूल हुई। दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबर्रुक (प्रसाद) वितरण करते देखे जा सकते हैं। यहां चार दिवसीय मजलिसें 4 जून से शुरू होकर 5, 6 व 7 जून 2026 तक चलेंगी। जिसमें देशभर से आए हुए नामवर उलेमायदीन तकरीर करेंगे। यहां जायरीनों के लिए कमेटी की ओर से सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।




जिया अब्बास जैदी
वरिष्ठ पत्रकार

मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com


# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता जा रहा संकट

**अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे, लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।**

उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है, लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं। कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया। अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज़्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गति. विधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज़्यादा सहनशील पाई गईं, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं। इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है, अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है। कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पत्रकारिमा में गिरती रैंकिंग

**पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं। इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यूट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई।**



निर्मल रानी

पेरिस-आधारित अंतर्राष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा वार्षिक रूप से जारी किए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार यदि भारतीय पत्रकारिता की रैंकिंग पर नजर डालें तो 2026 में यह 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष से यह रैंकिंग 62 अंक नीचे गिरी है। यह स्थिति विश्व में भारतीय पत्रकारिता की बहुत गंभीर श्रेणी की तरफ इशारा करती है, जबकि नॉर्वे, एस्तोनिया व नीदरलैंड्स जैसे देशों के नाम इस सूची में शीर्ष पर हैं। चिंता की बात तो यह है कि पड़ोसी देशों नेपाल,मालदीव व लंका जैसे देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर है। गोया भारत में प्रेस स्वतंत्रता इस समय संकट के दौर से गुजर रही है जिसकी वजह सत्ता का नियंत्रण,राजनीतिक दबाव, अप्रत्यक्ष डिजिटल निगरानी,विज्ञापन की लालच, मीडिया घरानों पर सत्ता से जुड़े लोगों का नियंत्रण व पत्रकारों के साथ होने वाली हिंसा व अन्याय प्रमुख कारण हैं। यही वजह है कि भारतीय मीडिया गोदी मीडिया के नाम से भी प्रचलित हो गया है। हालांकि सत्ता की चाटुकारिता के इसी दौर में पूर्व में गोदी मीडिया से जुड़े रहे अनेक ईमानदार पत्रकार अपने निजी यू-ट्यूब चैनल चलाकर भारतीय मीडिया की साख बचाने की कोशिश जरूर कर रहे हैं।

अफसोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा गोदी पत्रकार,चरण चुंबक पत्रकार, दलाल जैसी उपाधियों से नवाजे जाने व सोशल मीडिया पर आम जनता की लानते सुनने के बाद भी यह गोदी पत्रकार ईमानदारी से पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए अपने बेतुके बोल, सत्ता के प्रति अपनी वफादारी व अज्ञानता पूर्ण बातों के चलते आम लोगों की नफरत का पर्याय बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि शो पीस रूपी इन ऐंकर्स व इनके टीवी चैनल्स की लोकप्रियता व इनके दर्शकों की संख्या जहां दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है वहीं यू ट्यूब चैनल्स व सोशल मीडिया से जुड़े ईमानदार पत्रकारों के दर्शकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, फ्रॉड, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं।

इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई। देश विदेश से लोगों ने वीडियो बनाकर उस महिला एंकर के इस बेह. ूदा बयान की निंदा की तथा उन्हें पत्रकारिता के दायित्व व कर्तव्य बताते हुए आइना दिखाना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि वे जिन शिक्षकों के बारे में यह कह रही है कि उन्हें दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता तो दरअसल उन जैसी पत्रकारों को फूटी कौड़ी का भी ज्ञान नहीं है, अन्यथा आज के सूचना व संचार के आधुनिक दौर में जब पूरे विश्व में ज्ञान का माध्यम यू ट्यूब व एआई ही है, उस माध्यम पर ऐसी घटिया टिप्पणी नहीं की गई होती। वास्तव में शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों को पढ़ाते हैं और बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली, महंगाई व पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाते हैं जबकि इन शिक्षकों को अपमा. नित करने वाला गोदी मीडिया वास्तविक मुद्दों को उठाकर पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए सत्ता की चापलूसी करने में व्यस्त रहता है।

इसी तरह पिछले दिनों उत्तराखंड के कोटद्वार के दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक के जिम पर आर्थिक संकट आ गया, क्योंकि हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद उनके जिम से अनेक लोगों ने अपने संबंध तोड़ लिए। इसी विषय को लेकर अजित अंजुम व अशोक कुमार पांडेय जैसे जिम्मेदार पत्रकार व प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ने दीपक की आर्थिक सहायता की अपील की। परिणाम स्वरूप देशभर के अमन पसंद लोगों ने दीपक की इतनी सहायता कर दी कि उनका संकट कई वर्षों के लिए टल गया। इस अपील पर तमाम नए लोगों ने जिम की सदस्यता भी लेकर दीपक की आर्थिक मदद की। परन्तु अमन चोपड़ा नमक इसी गोदी मीडिया के एक बदनाम शुदा एंकर ने इस खबर को नकारत्मक रूप में पेश करते हुए अपनी ओछी व घटिया टिप्पणी में दीपक की आर्थिक तंगी का मजाक उड़ाते हुए और उसपर तंज कसते हुए कहा कि सेक्युलरिज्म का वजन नहीं उठा पाए पहलवान दीपक ओ सॉरी, मोहम्मद दीपक। उसने यह भी कहा कि नाम के आगे मोहम्मद लगाने से भी उनके विचार को फ्लॉप कर दिया गया। मोहम्मद दीपक के लिए, कोई मोहम्मद उस तरह से खड़ा नहीं हुआ। इस नफरती ऐंकर ने आर्थिक संकट के समय दीपक का मजाक उड़ाया जबकि दीपक ने कोटद्वार घटना के समय धर्म नहीं बल्कि केवल इंसानियत दिखाई थी। बहरहाल भारतीयता के पैरोकार देश भर के हजारों शांतिप्रिय लोगों ने दीपक की अनअपेक्षित सहायता कर नफरती चिंटुओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया।

दरअसल यह उन्हीं कथित पत्रकारों का गिरोह है जिसने 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब एक गोदी चैनल पाकिस्तान के 5 शहर तबाह होने का दावा कर रहा था तो दूसरे चैनल ने कहा था कि 25 शहर तबाह हो गए। यह वही एंकर्स हैं जो स्टूडियो में बंदरों की तरह उछलते हैं और अभद्र शब्दावली का प्रयोग यहां तक कि लड़ाई व मारपीट को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं। यह कथित पत्रकार धर्म-जाति के आधार पर समाज बांटने वाली बातें करते हैं तथा 2000 की नोट में चिप लगी होने का भ्रामक दावा कर भारतीय करेंसी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे अनेक लोग कभी किसी अपराध में जेल जा चुके हैं तो कभी अपने भ्रामक बयानों के लिए मुआफी मांग चुके हैं। अपना भ्रामक व गुमराह करने वाले ट्वीट डिलीट करने में भी इन्हें महारत हासिल है। अदालती फटकार भी इन्हें आए दिन सुनने को मिलती रहती है। सत्ता की खुशामद कर समाज में नफरत फैलाकर केवल धन कमाने वाले ऐसे लोगों को पत्रकार नहीं बल्कि पत्थरकार कहना ज़्यादा मुनासिब होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस में टूट होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देती पूर्व सीएम ममता बनर्जी।

# मौत के 4 महीने बाद सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई

## जनाजे में शामिल हो सकते हैं 2 करोड़ लोग, अमेरिका-इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई थी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है।

28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी। उनका राजकीय अंतिम संस्कार पहले 4 मार्च को होने वाला था, लेकिन युद्ध की वजह से इसे टाल दिया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। लोगों को अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। ईरान के तेहरान में, पूर्व सुप्रीम लीड अयातुल्ला अली खामेनेई के



■ खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है

कार्यालय के पास उनकी कुर्सी और एक तस्वीर प्रदर्शित की गई है। खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है। इसके बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक शहर कुम ले जाया जाएगा और फिर मशहद पहुंचाया जाएगा, जहां इमाम रजा के दरगाह परिसर में दफनाया जाएगा। तेहरान नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दफन से पहले खामेनेई के पार्थिव शरीर को कुम और मशहद की सड़कों पर अंतिम यात्रा के रूप में ले जाया जाएगा। यह जानकारी आईआरजीसी के एक बयान में दी गई, अगर खामेनेई के जनाजे में वास्तव में 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, तो यह इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 वाले रिकार्ड से कहीं बड़ा आयोजन होगा। 1989 में अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के जनाजे में करीब 1 करोड़ (10 मिलियन) लोग शामिल हुए थे। यह उस समय ईरान की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा था। इस कार्यक्रम को आज भी दुनिया के सबसे बड़े जनाजों में गिना जाता है। इतनी भारी भीड़ उमड़ी थी कि भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे। इस बार अधिकारी इससे भी बड़ी भीड़ को संभालने और किसी हादसे से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के प्रभाव से उबर रहे देश में इतना बड़ा आयोजन कराना बड़ी चुनौती माना जा रहा है। अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम संस्कार में हुई देरी इस्लामी परंपरा के लिहाज से असामान्य मानी जा रही है। आमतौर पर इस्लाम में किसी व्यक्ति को मौत के एक-दो दिन के भीतर दफना दिया जाता है। हालांकि ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, भारी भीड़ की उम्मीद और युद्ध के हालात के कारण अंतिम संस्कार में देरी हुई। तेहरान नगर निगम में सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों के उपप्रमुख मोहम्मद अली तवक्कोलीजादेह ने अंतिम संस्कार की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने सरकारी टेलीविजन से कहा कि खामेनेई के लिए तीन दिन का सार्वजनिक जनाजा आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि जनाजा कब होगा, लेकिन कहा कि यह इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की शुरुआत में हो सकता है, जो 21 जून के आसपास में पड़ता है।

## कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत

**कुवैत।** कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

# ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिका ने बोला हमला

## ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले एक तेल टैंकर को रोकने के कुछ ही घंटे बाद, मंगलवार रात को ईरान के रणनीतिक केशम द्वीप पर बने एक सैन्य नियंत्रण केंद्र पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से पलटवार किया।

इस दौरान कुवैत के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। केशम द्वीप पर हमले से पहले अमेरिकी सेना ने बोत्सवाना के झंडे वाले 'एम/टी लेक्सी' नाम के एक सुपरटैंकर को अपने हेलफायर मिसाइल से पंगु बना दिया था। अमेरिका का दावा है कि इस टैंकर ने नाकेबंदी के नियमों को मानने से बार-बार इन्कार कर दिया था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह खाली जहाज ईरान के खार्ग द्वीप की ओर जा रहा था और उसने 24 घंटे के भीतर कई बार सैन्य निर्देशों को मानने से इनकार किया था। इसके बाद एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि एक अमेरिकी विमान ने आखिरकार जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया, जिससे वह ईरान नहीं पहुंच सका। अमेरिकी सेना के अनुसार, 13 अप्रैल को नाकेबंदी लागू होने के बाद से रोका गया यह छठा जहाज है, लेकिन अरब खाड़ी के भीतर किसी जहाज पर हमले का यह पहला मामला है। ईरान ने भी इस पर बहुत तेजी से पलटवार किया। उसने कुवैत और बहरीन की तरफ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सेंटकॉम ने बताया कि कुवैत की ओर दागी गई, दो मिसाइलें या तो रास्ते में ही गिर गईं या हवा में नष्ट हो गईं, जबकि बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के एयर-डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' ने इस इलाके में कई हथियारबंद ड्रोन भी भेजे। सेंटकॉम का हालांकि दावा है कि आम जहाजों को नुकसान पहुंचाने से पहले ही तीन ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया। बाद में कुवैत ने पुष्टि की कि ईरान के ड्रोनों ने उसके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिससे हवाई अड्डे की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले के बाद बुधवार सुबह से वहां विमानों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने हालांकि अभी तक घायल होने वाले लोगों की सही संख्या या उनकी हालत के बारे में जानकारी नहीं दी है। न्यूज चैनल 'अल जजीरा' के अनुसार, कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने हमले की कड़ी निंदा की और इसे 'ईरान की आपराधिक हरकत' करार दिया। दूसरी तरफ, ईरान की आईआरजीसी ने अपनी इस कार्रवाई को सही ठहराते हुए अमेरिका को आगे तनाव न बढ़ाने की चेतावनी दी और एक बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अमेरिकी सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब इस महीनों पुराने विवाद को सुलझाने की राजनयिक कोशिशें पूरी तरह नाकाम होती दिख रही हैं। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि ईरान 'वाकई एक समझौता करना चाहता है, जो अमेरिका के हक में होगा।' लेकिन सप्ताहांत में हुई बातचीत तब टूट गई, जब अमेरिका ने यूरेनियम संवर्धन और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शर्तें सामने रख दीं। ईरान ने इन प्रस्तावों को सिरे से खारिज करते हुए अमेरिका पर बातचीत के दौरान अपना स्टैंड बदलने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका लगातार अपना रुख बदल रहा है और नई एवं विरोधाभासी मांगें सामने रख रहा है।



■ अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का खुलकर किया उल्लंघन

### अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता टूटने की आशंका प्रबल

**दोहा।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे शांति समझौते की टूटने की आशंका जताई जा रही है। कतर में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेहरान कामरावा ने बताया कि फारस की खाड़ी में तनाव और सैन्य टकराव किसी भी पल फिर से शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान की परिसंपत्तियों पर लगी रोक और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने का प्रश्न अब भी बातचीत में प्रमुख गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि समझौते पर मोटेतौर पर रूपरेखा पर सहमति बन गई है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार नए संशोधन करने की प्रयास कर रहे हैं, जिसे ईरान भरोसे के लायक नहीं मानता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटा ले, जबकि ट्रम्प का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत ष्ईरान के बर्ताव' के आधार पर दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात पर भी अड़े हैं कि समझौते के तहत ईरान की जब्त की गई राशि जारी नहीं की जाएगी, भले ही मसौदा समझौते में इन संपत्तियों का आधा हिस्सा जारी करने का प्रावधान है। समझौते के स्वरूप को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं। प्रो. कमरावा बताते हैं, ईरानियों और अमेरिकियों की इस बात को लेकर बिल्कुल अलग-अलग धारणाएं हैं कि किसी समझौते का स्वरूप कैसा होना चाहिए।

# खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अगले अध्यक्ष निर्वाचित

■ बंगलादेश के विदेश मंत्री ने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया

**संयुक्त राष्ट्र।** बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया। गुप्त मतदान के जरिए हुए चुनाव में खलीलुर रहमान को 99 मत मिले, जबकि काकौरिस को 91 मत प्राप्त हुए। कुल 190 मत डाले गए और कोई भी मत अमान्य या अनुपस्थित नहीं रहा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता पांच क्षेत्रीय समूहों के बीच क्रमवार बदलती है और 81वां सत्र एशिया-प्रशांत समूह के हिस्से में आया है। वह आठ सितम्बर से एक वर्ष का कार्यकाल संभालेंगे। उनका कार्यकाल ऐसे समय शुरू होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कार्यकाल 31 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है और उनके उत्तराधिकारी के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। खलीलुर रहमान को कूटनीति और बहुपक्षीय संस्थाओं में चार दशक से अधिक का अनुभव है। वह फरवरी से बंगलादेश के विदेश मंत्री हैं। इससे पहले वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रोहिंग्या मुद्दे पर उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। चुनाव के बाद महासभा को संबोधित करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि वह विनम्रता और जिम्मेदारी की भावना के साथ यह दायित्व स्वीकार कर रहे हैं, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा कई मोर्चों पर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अपने नौवें दशक में ऐसे समय प्रवेश कर रहा है जब संगठन की क्षमता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विभिन्न चुनौतियां लोगों के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। वर्तमान महासभा अध्यक्ष एनेलेना बेयरबॉक ने चुनाव के बाद कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस समय अत्यंत कठिन दौर से गुजर रहा है।

# भारत नेपाल के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक: मोदी

■ नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने राजधानी दिल्ली में मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नए नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूं और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूं। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# इजरायल में बन रहे गृहयुद्ध जैसे हालात

### अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगाई

**यरूशलम।** इजरायल में हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं।

हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगा दी। पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को रोका और एक बस से उतरे सैनिक पर हमला किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन से जनजीवन ठप हो गया। हालात इतने विकट हो गए कि मध्य क्षेत्र स्थित यरुशलम और तेल अवीव में प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी प्रभावित रहीं। इजरायल में अधिकतर यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, प्रभावशाली लोग छूट हासिल करते रहे हैं। अब यह छूट खतरे में दिख रही है। बड़ी संख्या में इजरायली युवक लंबे समय से चली आ रही इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यह असंतोष सेना के दबाव झेलने के चलते बढ़ गया। इजरायली युवाओं में अनिवार्य सैन्य भर्ती के लिए आक्रोश इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि अनेक नागरिकों को रिजर्व डयूटी के लिए बार-बार मोर्चे पर लौटना पड़ा है। खासतौर पर पिछले कुछ वर्षों में गाजा और फिर लेबनान, ईरान तथा यमन में शुरू लड़ाई के चलते युवाओं के लिए यह नियम परेशानी बन गया है। इससे परिवारों में भी असंतोष है। यह विवाद अब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी गंभीर सियासी संकट का कारण बन गया है। अति-रूढ़िवादी दलों द्वारा सरकार से समर्थन वापसी के बाद गठबंधन में दरार गहरा गई है। इसके चलते इस वर्ष के चुनाव समय पूर्व कराए जा सकते हैं।



# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

■ कहा: जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं 60 देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है।

## क्यूबा पर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है।



# कॉमेडी को जीवंत बना देते हैं वरुण धवन: पूजा हेगड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वरुण अपनी ऊर्जा और कॉमिक टाइमिंग से पूरे सेट को जीवंत बना देते हैं। पूजा और वरुण निर्देशक डेविड धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में साथ नजर आएंगे। पूजा का कहना है कि वरुण के साथ स्क्रीन साझा करना एक अलग तरह का अनुभव रहा, क्योंकि उनकी ऊर्जा का स्तर लगातार ऊंचा रहता है।उन्होंने कहा कि वरुण हमेशा पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। टेक्स के बीच भी वह कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं, डांस करते हैं, मजाक करते हैं या किसी दृश्य को अलग अंदाज में निभाने का प्रयास करते हैं। वह कभी भी सेट की ऊर्जा को कम नहीं होने देते और इसका असर पूरी टीम पर पड़ता है।

## जापान में तूफान ने मचाई तबाही 60000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

**टोक्यो।** उष्णकटिबंधीय भीषण तूफान जोंगमी के चलते तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बुधवार सुबह जापान के विभिन्न हिस्सों में कहर बरपाया जिससे लगभग 60 हजार से घर प्रभावित हुए हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तूफान का केंद्र मुख्य मध्य द्वीप होंशू से दूर था, जो 25 मीटर प्रति सेकंड की अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ उत्तर-पूर्व में ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था। एजेंसी ने यह भी कहा कि प्रशांत तट के किनारे स्थित कुछ क्षेत्रों में 'भयावह प्राकृतिक आपदाओं' के कारण यहां रखना खतरनाक होता जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता मिनोरू किहारा ने नियमित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सीजन का यह छठा चक्रवाती तूफान है। इसके स्तर को कम कर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल दिया गया था, उसका केंद्रीय दबाव 980 एचपीए है। इसकी वजह से लगभग 60,000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004